Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ़्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 43 | गुरुवार, 13 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## सरकार गठन से पहले यमुना शुद्धीकरण पर काम शुरू



**नई दिल्ली।**

**इसके** लिए बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से एक बैठक बुलाई गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इसमें दिल्ली के मुख्य सचिव सचिव समेत सभी संबंधित विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए। भाजपा की दिल्ली सरकार का पूरा जोर दिल्ली में यमुना नदी को अविरल व निर्मल बनाने के लिए बड़ी गारंटी पूरी करने पर जोर होगा। इसके लिए बुधवार प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से एक बैठक बुलाई गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इसमें दिल्ली के मुख्य सचिव सचिव समेत सभी संबंधित विभागों के आलाधिकारी शामिल हुए। इसमें अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से लौटने तक नदी के प्रदूषण के स्त्रोतों से जुड़ी एक रिपोर्ट तैयार करें। इसके आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार होगी। पूरी योजना दिल्ली सरकार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी निगरानी करेंगे।

## बालाकोट में नियंत्रण रेखा पर सेना ने गोलीबारी का दिया मुंहतोड़ जवाब, पाकिस्तानी सैनिक ढेर

**जम्मू।**

पाकिस्तान की सेना ने पुंछ के बालाकोट में करकुंडी में भारत की सैन्य चौकियों पर 12 से 15 राउंड फायरिंग की। जवाब में सेना ने भी पाकिस्तान की चौकियों पर 15 मिनट तक गोलीबारी की और स्नाइपर हमला किया। सेना ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। गोलीबारी में पाकिस्तान के एक सैनिक के मारे जाने की खबर है। पाकिस्तान की सेना ने पुंछ के बालाकोट में करकुंडी में भारत की सैन्य चौकियों पर 12 से 15 राउंड फायरिंग की। जवाब में सेना ने भी पाकिस्तान की चौकियों पर 15 मिनट तक गोलीबारी की और स्नाइपर हमला किया। इसमें पाकिस्तान की कई चौकियों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, कार्रवाई के दौरान 6 सिखलाई का जवान शमसुदीन बारूदी सुरंग फटने से घायल हो गया।




## एयरो इंडिया 2025 में बोले राजनाथ सिंह

# 'हमारी मिसाइलें दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बनीं'

**बेंगलुरु।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक पोत न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं।

राजनाथ ने यहां एयरो इंडिया 2025 के स्वदेशीकरण कार्यक्रम और समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'एयरो इंडिया ने जो ऊंचाइयां हासिल की हैं, वह न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं। मैं पिछले तीन दिन से इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से मौजूद हूं और अगर मुझे अपने अनुभव को तीन शब्दों में व्यक्त करना हो तो वह है ऊर्जा, ऊर्जा और ऊर्जा।' उन्होंने कहा, 'यहां जो कुछ भी हमने देखा वह ऊर्जा का प्रकटीकरण है। यह ऊर्जा और उत्साह न केवल भारत के प्रतिभागियों में बल्कि दुनियाभर से देखा जा सकता है। हमारे उद्यमियों, हमारे स्टार्टअप और नवप्रवर्तकों में जो उत्साह देखा गया, वह सराहनीय है।' रक्षा मंत्री ने बताया कि देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है। सभी जानते हैं कि भारत ऐतिहासिक रूप से अपनी रक्षा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर रहा है। अगर मैं एक दशक पहले की बात करूं तो हमारे देश में 65 से 70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। अगर हम आज की स्थिति को देखें तो आप इसे समाधान या चमत्कार कह सकते हैं, लेकिन आज देश में लगभग उतने ही प्रतिशत रक्षा उपकरणों का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा, 'भविष्य के युद्ध के साथ प्रौद्योगिकियों को जोड़ना जीत हासिल करने के लिए समाधान का केवल एक हिस्सा है। अगर आप जीतना चाहते हैं तो आपको नई अवधारणाएं विकसित करनी होंगी।' नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने एयरो इंडिया में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि समुद्री हवाई क्षेत्र में स्वदेशी समाधान के लिए घरेलू उद्योग के काम करने की दरकार है।



### पांच देशों के रक्षा मंत्रियों से मिले राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ ने बुधवार को एयरो इंडिया के दौरान पांच देशों जिम्बाब्वे, यमन, इथोपिया, गांबिया और गैबान के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन बैठकों में इन देशों के साथ द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने पर चर्चा हुई और रक्षा से जुड़े कई क्षेत्रों में सहयोग को लेकर सहमति बनी।

## संसद में आज नया आयकर विधेयक पेश होने की संभावना

**नई दिल्ली।** आयकर प्रविधानों को सरल ढंग से पेश करने के लिए बनाए गए आयकर विधेयक, 2025 को बृहस्पतिवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक में आकलन वर्ष जैसी जटिल शब्दावली की जगह कर वर्ष की संकल्पना रखी गई है। नए विधेयक में 536 धाराएं, 23 अध्याय और 16 अनुसूचियां हैं। यह सिर्फ 622 पृष्ठों पर अंकित है।

यह विधेयक न केवल कर प्रणाली को सरल बनाने का प्रयास है, बल्कि करदाताओं के लिए इसे अधिक पारदर्शी और समझने योग्य भी बनाता है। दरअसल पिछले 60 वर्षों में किए गए संशोधनों के कारण मौजूदा आयकर अधिनियम बहुत बड़ा हो गया है। नया आयकर कानून एक अप्रैल, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। नए विधेयक में फ्रिंज बेनेफिट टैक्स से संबंधित अनावश्यक धाराओं को हटा दिया गया है। विधेयक में छोटे वाक्यों का उपयोग किया गया है और तालिकाओं एवं सूत्रों के उपयोग से इसे पढ़ने के अनुकूल बनाया गया है। टीडीएस, अनुमानित कराधान, वेतन और फंसे कर्ज के लिए कटौती से संबंधित प्रविधानों के लिए तालिकाएं दी गई हैं। नया आयकर विधेयक, 2025 लोकसभा में पेश किए जाने के बाद इसे आगे के विचार-विमर्श के लिए वित्त पर संसदीय स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा।



## 'कल तक 50 करोड़ लोग लगा चुके हैं प्रयागराज में डुबकी': सीएम योगी

**नई दिल्ली।**

महाकुंभ के पांचवे स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को दोपहर दो बजे तक 1.83 करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज माघी पूर्णिमा के अवसर पर करोड़ों लोग प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है, जिसकी आबादी 25 करोड़ है और कल तक 50 करोड़ लोग प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। लेकिन कुछ लोगों को चोरी-छिपे ऐसा करने की आदत होती है, उन्होंने कोरोना वायरस की वैक्सीन तो लगवा ली लेकिन दुनिया से कहते रहे कि वैक्सीन न लगवाएं।

बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने चोरी-छिपे संगम में डुबकी लगाई और वापस आ गए लेकिन जनता से कह रहे हैं कि डुबकी न लगाएं। जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने कुछ नहीं किया। महाकुंभ के पांचवे स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को दोपहर दो बजे तक 1.83 करोड़ से अधिक लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकार ने इस दौरान, स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। बुधवार तड़के से ही महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी है। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को दोपहर दो बजे तक 1.83 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम और गंगा में स्नान किया।

13 जनवरी से अब तक 48 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासियों से यातायात नियमों का पालन करने और केवल अधिकृत पार्किंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।

## दिल्ली में चलेगी तेज हवा, पहाड़ों पर बर्फबारी की संभावना

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में बुधवार को तेज रफ्तार से ठंडी हवा चली जिसकी वजह से दिन में बढ़ते तापमान पर ब्रेक लग गया और दिन में ठंडक का एहसास होने लगा। वहीं मौसम विभाग ने दिल्ली में आज भी 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाओं के चलने का अनुमान जताया है।

तीन दिन से लगातार बढ़ रहा तापमान अचानक तीन डिग्री नीचे आ गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक ठंड महसूस हो सकती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश में 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। 17 फरवरी तक मौसम विभाग की ओर से किसी भी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। यानि की मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। इस दौरान तापमान में गिरावट देखी जा सकती है। ऐसे में ठंड बढ़ सकती है। 15, 16 व 17 फरवरी को प्रदेश का मौसम साफ रहेगा। इस दौरान ठंड में गिरावट देखी जा सकती है। 13 फरवरी को प्रयागराज का मौसम साफ रहेगा। इस दौरान तेज हवा जरूर चलेंगी, जिनकी रफ्तार 15 से 15 किलोमीटर प्रतिघंटा रह सकती है। अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 14 फरवरी को क्षेत्र का मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस रहेगा व न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी छिटपुट हल्की वर्षा और बर्फबारी की संभावना है।



## शाहजहांपुर में सवारियों भरा लोडर पलटा, महिला की मौत, 16 घायल

**शाहजहांपुर।** सीतापुर और हरदोई जिले के मजदूरों को लेकर हरियाणा जा रहा लोडर रात करीब दो बजे शाहजहांपुर के थाना क्षेत्र कलान के कस्बा बिचौला में पलट गया है। इस हादसे में घायल 17 लोगों को फरुर्खाबाद स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। जिसमें एक 35 वर्षीय महिला रामकुमारी पत्नी महेंद्र की मौत हो गई है। 16 घायलों का लोहिया अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। कलान थाने के कांस्टेबल सचिन ने बताया कि घटना करीब 2 बजे के करीब है। घायलों को पहले कलान स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

## अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी 10वीं आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी 12-13 फरवरी को अमेरिका के दौरे पर हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन उनकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुप्रतीक्षित मुलाकात होगी। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह उनसे पहली मुलाकात होगी। भारतीय समुदाय की एक सदस्या ने कहा कि हम लोग यहां पर बहुत उत्साहित हैं।

यहां पर एक सदस्य बैसाखी पर भी आई हुई हैं। हम लोग यहां प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी 12-13 फरवरी को अमेरिका के दौरे पर हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक करेंगे। भारतीय समुदाय की एक सदस्या अलका व्यास ने कहा कि मैं पीएम मोदी की डाई हार्ट फैन हूं। मैं वास्तव में उनकी प्रशंसा करती हूं जो वह हमारे देश के लिए और भारत के कर रहे हैं...हम उन्हें यहां समर्थन करने के लिए यहां हुए हैं। ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले मोदी चौथे राष्ट्र प्रमुख होंगे। इस बैठक की अहमियत इसलिए बढ़ गई है क्योंकि इसी दिन राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से कई देशों से आने वाले उत्पादों पर उनकी सरकार शुल्क लगाने जा रही है। भारत सरकार के साथ ही यहां के बाजार की भी इस घोषणा पर नजर होगी कि ट्रंप भारतीय उत्पादों पर भी अतिरिक्त शुल्क लगाते हैं या नहीं। यह तय है कि मोदी और ट्रंप की मुलाकात में इस बार कारोबारी मुद्दे हावी रहेंगे। भारत की तरफ से अमेरिका के साथ व्यापार घाटे को कम करने के लिए कुछ उपायों की घोषणा भी किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय फ्रांस यात्रा समाप्त करने के बाद बुधवार को अमेरिका के लिए रवाना हुए। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को मोदी अमेरिका में पहले कुछ कंपनियों के प्रमुखों से मुलाकात करेंगे और फिर शाम चार बजे (वाशिंगटन समयानुसार) अमेरिकी राष्ट्रपति भवन (व्हाइट हाउस) पहुंचेंगे। वहां उनकी ट्रंप के साथ दो चरणो में मुलाकात होगी। दोनों नेताओं की एक बैठक बगैर अधिकारियों की होगी और दूसरी बैठक में दोनों तरफ से तमाम अधिकारी मौजूद होंगे। भारतीय दल में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा शामिल रहेंगे।



### राष्ट्रपति ट्रंप के साथ करेंगे बैठक

पीएम मोदी 10वीं आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका पहुंच गए हैं। अगले दिन उनकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुप्रतीक्षित मुलाकात होगी। ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले मोदी चौथे राष्ट्र प्रमुख होंगे। इस बैठक की अहमियत इसलिए बढ़ गई है क्योंकि इसी दिन राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से कई देशों से आने वाले उत्पादों पर उनकी सरकार शुल्क लगाने जा रही है।

## वेतन-भत्तों के चक्कर में अटका राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड के गठन में हो रही देरी पर संसदीय समिति ने गहरी चिंता जताई है। समिति का मानना है कि सड़क सुरक्षा की गंभीर स्थिति को देखते हुए इस बोर्ड का गठन शीघ्र होना चाहिए। तीन साल पहले इस बोर्ड के गठन का विचार आया था और एक साल पहले इसकी प्रक्रिया शुरू हुई थी। अध्यक्ष पद के लिए चयन और नियुक्ति की घोषणा भी हो चुकी थी, लेकिन अब तक औपचारिक चिट्ठी संबंधित व्यक्ति तक नहीं पहुंची है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट के सभी पहलुओं पर सुझाव देना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके गठन का निर्देश दिया था। कई समितियों और सुरक्षा विशेषज्ञों ने इसे अमेरिका जैसे देशों की तर्ज पर रोड सेफ्टी का रामबाण के समान उपचार बताया है। भारत में सड़क सुरक्षा की स्थिति अत्यंत गंभीर है। यहां प्रति वर्ष पांच लाख दुर्घटनाएं होती हैं और 1.80 लाख लोगों की मृत्यु होती है। ऐसे में इस बोर्ड का गठन प्राथमिकता होनी चाहिए थी, लेकिन नियुक्ति का निर्णय सड़क परिवहन और वित्त मंत्रालय के बीच अटका हुआ है। बोर्ड के अध्यक्ष और उसके दो सदस्यों के वेतन को बढ़ाया जाना है, जिसके लिए वित्त मंत्रालय की अनुमति आवश्यक है। इसके बाद प्रस्ताव कैबिनेट की नियुक्ति समिति के समक्ष जाएगा। परिवहन से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने जब इस बारे में सड़क परिवहन मंत्रालय से पूछा तो मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया पिछले साल शुरू की गई थी।



**संसदीय समिति ने जताई चिंता**

## संपादक की कलम से

### मोटापे के विरुद्ध अभियान

निष्क्रिय जीवन व प्रसंस्कृत खाद्य–पेय पदार्थों के सेवन वाली पश्चिमी भोजनशैली का अंधानुकरण मोटापे के मुख्य कारण हैं। विडंबना यह है कि हम मोटापे को गंभीरता से नहीं लेते, जबकि यह अनेक गंभीर गैर संक्रामक रोगों की वजह बनता है। दरअसल, मोटापे के कारण मधुमेह व उच्च रक्तचाप के साथ ही उच्च कोलेस्ट्रोल की स्थिति पैदा होती है, जो कालांतर में हृदय रोग का कारण भी बनती है। प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल पत्रिका लैंसेट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में करीब सात करोड़ लोग मोटापे से पीड़ित थे। जिसमें 4.4 करोड़ संख्या महिलाओं की थी। सबसे ज्यादा गंभीर बात यह है कि सवा करोड़ बालक–बालिकाएं भी मोटापे से पीड़ित थीं। वहीं आईसीएमआर की रिपोर्ट तो बड़े खतरे की ओर इशारा करती है। जिसके अनुसार देश में करीब बारह करोड़ लोग मोटापे से होने वाली बीमारियों मसलन डाइबिटीज, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रोल आदि से पीड़ित हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति स्वस्थ भारत के मिशन के लक्ष्य पर पानी फेरने वाली है। तभी पिछले दिनों राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे की गंभीर होती समस्या पर चिंता जताई थी। उन्होंने देश में मोटापे के खिलाफ जन अभियान शुरू करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री की इस अपील को देश की प्रसिद्ध हस्तियों का भरपूर समर्थन मिला है। इतना ही नहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण पूर्व एशिया इकाई ने प्रधानमंत्री की सार्थक पहल का स्वागत करते हुए नियमित शारीरिक सक्रियता, पौष्टिक व संतुलित भोजन की प्राथमिकता के साथ मोटापे के विरुद्ध मुहिम की बात कही। उल्लेखनीय है कि मोटापे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मुहिम की जिम्मेदारी देश के सात सौ मेडिकल कॉलेजों को सौंपी गई है। मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य विशेषज्ञों व कार्यकताओं की टीमें घर–घर जाकर संदेश देंगी कि मोटापा सिर्फ समस्या नहीं बल्कि गंभीर बीमारियों का कारक है। इस मुहिम में शामिल होते हुए दिल्ली एम्स के चौदह डॉक्टरों ने मोटापे के हमारी सेहत पर पड़ने वाले घातक प्रभावों पर विमर्श करते हुए, नागरिकों से सक्रिय व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि शीघ्र ही देश के सभी सरकारी अस्पतालों में मोटापे के खिलाफ अभियान के क्रम में विशेष ओपीडी संचालित होंगी। यहां अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अलावा आहार विशेषज्ञ भी पौष्टिक व संतुलित भोजन के साथ योग व व्यायाम की जानकारी देंगे। चिकित्सकों का मानना है कि मोटापे की वजह से फेफड़ों पर भी दबाव बढ़ता है। इससे अस्थमा व नींद की अनियमितता से जुड़ी बीमारियां पैदा हो सकती हैं। वहीं जोड़ों पर अधिक दबाव बढ़ने से गठिया और आर्थराइटिस जैसी बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं।


ललित शर्मा
संपादक

# मिल्कीपुर विजय से भाजपा को राहत व सपा की राह कठिन



जून 2024 के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद सबसे अधिक चर्चा फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा की पराजय की हुई, जहाँ श्री रामजन्मभूमि पर दिव्य, भव्य राम मंदिर का हिन्दू समाज का 500 वर्ष पुराना सपना पूरा होने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। फैजाबाद जीत से विपक्ष का आत्मविश्वास इतना बढ़ गया कि इसके बाद हुई अपनी गुजरात रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने, भाजपा के राजनीति से विश्राम ले चुके वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी जी के राम मंदिर आंदोलन को ही हरा देने का दंभ भरा। लोकसभा में सपा सांसद अवधेश प्रसाद की तो मानो प्रदर्शनी लगा दी गई बड़बोले नेताओं ने उनको अयोध्या का रजा तक कह दिया।

फैजाबाद संसदीय सीट की हार और अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहे जाने से सनातन समाज में दुःख, निराशा और क्षोभ था। मिल्कीपुर को सनातनी हिन्दुओं ने अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था क्योंकि सनातनधर्मी प्रभु राम को ही अयोध्या का एकमात्र राजा मानते हैं। यहां पर यह बात ध्यान देने योग्य है कि जब से सपा मुखिया और कांग्रेस ने अवधेश प्रसाद को अयोध्या का राजा कहना आरम्भ किया तभी से इनकी राजनीति गड़बड़ाने लगी।अब तक प्रदेश में 11 विधानसभा उपचुनाव हो चुके हैं जिसमें भाजपा को आठ सीटों पर सफलता मिली है और प्रदेश में सपा और कांग्रेस गठबंधन भी बिखर रहा है।

> मिल्कीपुर की जनता ने विपक्ष के नकारात्मक विचारों के एजेंडे को नकारते हुए विकास और सुशासन का साथ दिया। मिल्कीपर की जनता को अच्छी तरह से समझ में आ गया कि स्थानीय विकास के लिए सत्तारूढ़ भाजपा का विधायक ही आवश्यक है।

राजनैतिक दल के रूप में भाजपा ने मिल्कीपुर चुनाव जीतने के लिए बेहद आक्रामक रणनीति तैयार की और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार मिल्कीपुर का दौरा किया। जब योगी जी मिल्कीपुर जाते थे तब सपा सांसद का बयान आता था कि योगी जी जितनी बार मिल्कीपुर आयेंगे भाजपा का वोट प्रतिशत उतना ही घटेगा और सपा का उतना ही वोट प्रतिशत बढ़ता जायेगा जबकि परिणाम उसके विपरीत आये हैं। मिल्कीपुर की जनता के बता दिया है कि अयोध्या के एकमात्र राजा प्रभु राम ही है।

मिल्कीपुर की जनता ने विपक्ष के नकारात्मक विचारों के एजेंडे को नकारते हुए विकास और सुशासन का साथ दिया। मिल्कीपर की जनता को अच्छी तरह से समझ में आ गया कि स्थानीय विकास के लिए सत्तारूढ़ भाजपा का विधायक ही आवश्यक है। मिल्कीपुर की जनता ने सपा के परिवारवाद और जातिवाद को नकार दिया है। परिणाम से यह भी साफ हो गया है कि योगी का बटेंगे तो कटेंगे का नारा जातिवाद के विरुद्ध हिंदुत्व की राजनीति को ताकत दे रहा है। इस विजय से भाजपा के लिए एकजुट हिंदुत्व की राजनीति के पथ पर आगे बढ़ना आसान हो गया है।

मिल्कीपुर सीट पर भाजपा को तीसरी बार जीत मिली है ।इससे पहले 1991 और 2017 में जीत मिली और अब 2025 में चंद्रभानु पासवान ने सपा के गढ़ में भगवा परचम लहराने में सफलता हासिल की है। मिल्कीपुर सीट का गठन 1967 में हुआ था और 1969 में तत्कालीन जनसंघ हरिनाथ तिवारी विधायक चुने गये थे। इसके बाद 1974 से 1989 तक यह विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी का अभेद्य किला बन गया।1991 में राम लहर में मथुरा प्रसाद तिवारी ने भाजपा से जीत दर्ज की फिर 2012 तक यहां पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2017 में मोदी लहर में भाजपा के बाबा गोरखनाथ विजयी रहे। यह अलग बात है कि इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद ने बाबा को पराजित किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने अवधेश प्रसाद को अपना उम्मीदवाबर बनाया था और वह जीत गये। तभी से भाजपा पर लगातार दबाव बनता जा रहा था कि किसी न सिकी प्रकार से यह सीट हर हाल में जीतकर दिखानी है और योगी जी की टीम ने यह काम कर दिखाया है।

मिल्कीपुर चुनाव से पूर्व प्रयागराज महाकुम्भ- 2025 में योगी कैबिनेट ने एक साथ गंगा में पवित्र डुबकी लगाकर मीडिया जगत और जनमानस में इस बात का संदेह पूरी तरह से दूर कर दिया कि योगी कैबिनेट व भाजपा में आपस में कोई मतभेद व मनभेद है। मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा भदरसा दुष्कर्म कांड के बहाने सपा पर हमलावर रही। चुनावों के बीच ही वहां पर एक बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का एक मामला सामने आया उसके बाद विपक्षी दलों ने भाजपा को घेरने का असफल प्रयास किया।

इस घटना को लेकर सभी दलों के नेताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट करके राजनीतिक तापमान को गरमाने का असफल प्रयास किया था किंतु आरोपियों के पकड़े जाते ही यह मामला अपने आप गायब हो गया। इस प्रकरण में अवधेश प्रसाद के आंसू भी निकले और खूब निकले यहां तक की मीडिया में बार-बार दिखाया भी गया, मतदान के दिन अवधेश प्रसाद ने एक वीडियो बनवाकर चलवाया जिसमें वह हनुमान चालीसा पढ़ रहे थे, किन्तु ऐसी कोई भी ट्रिक इस चुनाव में नहीं चली। मिल्कीपुर की जनता ने इस बार लोकसभा की गलती को ठीक करने का मन बना लिया था।

मिल्कीपुर में अबकी बार संघ ने भी काम संभाला और मजबूत किलेबंदी के साथ हर बूथ पर संघ के पदाधिकारी मोर्चा पर डटे रहे।इसका असर मतदान के दिन दिखा भी। संघ ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में पर्याप्त श्रम किया। मिल्कीपुर जीत से भाजपा का विश्वास बढ़ा है, योगी जी की प्रतिष्ठा बढ़ी है और उनके नारे की लोकप्रियता भी बढ़ रही है। महाकुंभ- 2025 के समापन के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री येगी आदित्यनाथ जी का एक नया अवतार देखने को मिल सकता है। हिंदुत्व की राजनीति में काशी, मथुरा के साथ संभल का अध्याय भी जुड़ चुका है। **-मृत्युंजय दीक्षित**

## श्याम सुंदर साहू प्राचार्य

### आगे बढ़ते रहना तुम

कविता



ठहरा पानी सड़ने लगता,
नदी सी बहते रहना तुम।
रखकर लक्ष्य को सीने में,
आगे बढ़ते रहना तुम।।

छोटे–छोटे सपनों को,
संजोकर चलना तुम।
रखकर खुद पर भरोसा,
आगे बढ़ते रहना तुम।।

आने वाले चुनौतियों का,
सामना करते रहना तुम।
मंजिल तुझे जरूर मिलेगा,
आगे बढ़ते रहना तुम।।

जीवन में मुश्किले आए तो,
हौसला बनाए रखना तुम।
तेरे सारे ख्वाब पूरे होंगे,
आगे बढ़ते रहना तुम।।

मन के अंधेरे में उम्मीद का,
चिराग जलाए रखना तुम।
बस थोड़ा सब्र रखकर,
आगे बढ़ते रहना तुम।।

# बड़ी चुनौती होगीं मणिपुर के नए मुख्यमंत्री के सामने


अशोक मधुप (वरिष्ठ पत्रकार)

वेलकम इंडिया

मणिपुर में भाजपा के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को त्यागपत्र देकर पार्टी की टूटन तो बचाली, किंतु भाजपा के लिए नए मुख्यमंत्री का चयन बड़ा कठिन होगा, उससे ज्यादा कठिन होगा वहां बने नए मुख्य मंत्री को सत्ता संभालकर वहां के हालात को सही करना। राज्य की बिगडी कानून व्यवस्था को सुधारना उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। लगभग दो साल से राज्य में फैली हिंसा पर नियंत्रण पाना उसके सामने दातों चने चबाने जैसा होगा। मणिपुर की जनता का विश्वास जीतने के लिए उन्हें कठिन परिश्रम करना होगा।

मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगीहै ।आरोप लगते रहे हैं कि चीन यहां के आतंकवादी संगठन , यहां के आदिवासी को पहले से ही भड़काता रहा है ।मणिपुर में विवाद और जातिय संघर्ष की शुरूआत का कारण मणिपुर उच्च न्यायालय का 19 अप्रैल 2023 का आदेश रहा। इस आदेश में राज्य के बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिया गया था। हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया था कि वह 10 साल पुरानी सिफारिश को लागू करे जिसमें गैर-जनजाति मैतेई समुदाय को जनजाति में शामिल करने की बात कही गई थी। इस आदेश के बाद राज्य में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच विवाद शुरू हो गया और धीरे-धीरे यह हिंसक रूप लेने लगा।

मणिपुर में 16 जिले हैं, लेकिन, पूरा राज्य दो हिस्सों में बंटा हुआ है ।पहला इंफाल घाटी, दूसरा पहाड़ी जिले। इंफाल घाटी मैतेई बहुल इलाका है. वहीं,पहाड़ी जिलों में नागा और कुकी जनजातियों का वर्चस्व है। विशेष तौर पर चार पहाड़ी जिलों में कुकी समुदाय के लोगों का राज है। मणिपुर की आबादी लगभग 28 लाख है. इसमें मैतेई समुदाय के लोग लगभग 53 फीस दी हैं ।मणिपुर के भूमि क्षेत्र का लगभग 10% हिस्सा इन्हीं लोगों के कब्जे में हैं ।वहीं, कुकी समुदाय की राज्य में कुल आबादी30 फीसदी हैं. इसी समुदाय के द्वारा मैतेई समुदाय को आरक्षण देने का विरोध किया जाता रहा है। इसके पीछे इनकी दलील यह है कि अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण मिलता है तो वे सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले से वंचित हो जाएंगे। मैतेई लोग अधिकांश आरक्षण हथिया लेंगे। ज्ञातव्य है कि मैतेई समुदाय के द्वारा करीब 10 साल से राज्य सरकार से आरक्षण की मांग की जा रही है। मांग के पक्ष में फैसला नहीं आने के बाद मैतेई जनजाति कमेटी ने कोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने इस मांग को लेकर राज्य सरकार से केंद्र से सिफारिश करने की बात कही है।

इस सिफारिश के बाद ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने विरोध जताना शुरू कर दिया ।इस आदेश के बाद राज्य में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच विवाद शुरू हो गया और धीरे-धीरे यह हिंसक रूप लेने लगा ।मैतेई को एसटी का दर्जा दिए जाने के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्र संघ के तीन और चार मई 2023 'एकजुटता मार्च'के दौरान इंफाल और कुकी बहुलजिलों में हिंसा भड़क उठी। मणिपुर सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए पूरे राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया और आठ जिलों में कर्फ्यू लगा दिया ।इंफाल में 4मई 2023 को भाजपा विधायक वुंगजागिन वाल्टे पर भीड़ ने हमला किया। इस दौरान करीब नौ हजार लोगों को हिंसा वाले क्षेत्र से निकाला गया। मणिपुर में जातीय हिंसा बढ़ने के वहां सेना को तैनात किया गया ।राज्यपाल ने बढ़ती हिंसा के बीच देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किए ।हालत इतने खराब हुए कि आठ मई 2023 को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि कि,राज्य में जातीय संघर्षों में60निर्दोष लोगों की जान चली गई। 200 से अधिक घायल हो गए। इस जातीय हिंसा के कारण 35 हजार लोग बेघर हो गए। हिंसा में लगभग 1700 घर जला दिए गए,और पुलिस शस्त्रागार से 1041हथियार और 7460 राउंड गोला-बारूद लूट लिया गया ।केंद्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा की जांच के लिए गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस अजय लांबा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। दस जून2023 को केंद्र ने विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति स्थापित करने के लिए मणिपुर के राज्यपाल और एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में 51सदस्यीय शांति समिति का गठन किया ।14 जून 2023 और 15 जून 2023 को मणिपुर की एक मात्र महिला मंत्री नेम्फा किपगेन के इंफाल स्थित सरकारी आवास में आग लगा दी गई। 15जून 2023 मेंमणिपुर में फैली जातीय हिंसा की आग के कारण राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती चली गई। हिंसा की आग में विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन का आवास भी जलकर खाक हो गया ।हालत इतने खराब हुए कि मणिपुर में हथियारबंद भीड़ ने भाजपा नेताओं के घरों और कार्यालयों को निशाना बनाया। इंफाल में भाजपा मंडल कार्यालय को जला दिया गया. हालांकि,समय रहते सेना और रैपिड एक्शनफोर्स ने भाजपा कार्यालयों और पार्टी के मणिपुर प्रमुख और एक राज्य मंत्री के घर में आग लगाने के कई प्रयासों को विफल कर दिया. वहीं, 24 जून 2023 को भीड़ ने इंफाल पूर्वी जिलेके कांगला सांगोमसांग में मणिपुर के कैबिनेट मंत्री एल सुसिंड्रो के गोदाम और फार्महाउस को जला दिया। चार अगस्त 2023 को मणिपुरकी भीड़ ने आईआरबी (मणिपुर के बिष्णुपुर में द्वितीय भारत रिजर्व बटालियन (आईआरबी)मुख्यालय) से एलएमजी,मोर्टार,ग्रेनेड लूटे। 500 की भीड़ ने शस्त्रागार कोनिशाना बनाया और 298राइफलें,एसएलआर और एलएमजी के साथमोर्टार,ग्रेनेड और 16हजार से अधिक राउंड मिक्सडगोला-बारूद लूट कर फरार हो गए।

हालाकि न्यायालय ने अपने आदेश पर आरक्षण पर रोक लगा दी ,किंतु हालात उसके बाद भी सामान्य नही हुए ।प्रदेश सरकार के नियआत्रण मेंहालत न देख मणिपुर कांग्रेस ने घोषणा की कि वह 10फरवरी को बीरेन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। 9 फरवरी 2025को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नौ फरवरी 2025को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के करीब दो साल बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया ।नवंबर 2024 तक मणिपुर की जातीय हिंसा में 258 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य को 60 हजार से ज्यादा लोगों को विस्थापित करना पड़ा।

खास बात यह रही कि 60सदस्यीय मणिपुर विधानसभा में कई भाजपा विधायक अब सीएम बीरेन सिंह के कामकाज का खुलकर विरोध कर रहे हैं ।वर्तमानमें 60 सदस्यीय सदन में सत्तारूढ़ भाजपा के 37विधायक हैं। हालांकि,बिरेन सिंह की चिंता तब शुरू हुई जबपिछले साल 19नवंबर को मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक में कई विधायक शामिल नहीं हुए। छह विधायकों वाली एनपीपी जो भाजपा की सहयोगी थी,उसने पहले ही बीरेन सिंह से नाराजगी जताते हुए समर्थन वापस ले लिया है ।दिलचस्प बात यह है कि एनपीपी प्रमुख और मेघालय के सीएम कोनराड के संगमा ने भी अपनी पार्टी के समर्थन के लिए पूर्व शर्त के रूप में बीरेन के प्रतिस्थापन की मांग की है ।राज्य में शांति स्थापित करने में बीरेन सिंह सरकार की विफलता पर 10 कुकी विधायकों ने अपनी नाराजगी जाहिर की है,जिनमें से सात भाजपा के हैं।

अब बीरेन सिंह के त्यागपत्र के बाद राज्य के खराब हालात में भाजपा के लिए सर्व सम्मति से मुख्यमंत्री का नाम तै करना बड़ा चुनौती पूर्ण होगा। क्योंकि उसे ऐसा आदमी खोजना होगा कि वह आंदोलनरत संगठनों का विश्वास जीत सके। वहां के हालात सुधारने में सक्षम हो ।आने वाले मुख्य मंत्री के लिए भी हिंसा की आग में फैले राज्य में शांति स्थापना का कार्य बड़ा चुनौती पूर्ण होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

गोवर्धन की स्वच्छता के लिए

# नगर पंचायत ने कसी कमर, रोड किनारे नहीं होगा कूड़ा एकत्रित

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** धार्मिक नगरी गोवर्धन की स्वच्छता को लेकर नगर पंचायत ने स्वच्छता व्यवस्था में परिवर्तन किया है। जिलाधिकारी मथुरा के निर्देश पर सफाई की नई व्यवस्था के तहत अब किसी भी प्रमुख मार्ग किनारे कूड़े के ढेर एकत्रित नहीं किए जाएंगे, अपितु इन स्थलों को सुधार जाएगा। वही नगर पंचायत ने स्थानीय नागरिकों से भी सफाई की नई व्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया है। जिलाधिकारी मथुरा सी पी सिंह भी धार्मिक नगरी की स्वच्छता को लेकर लगातार निर्देश दे रहे है

बता दे कि नगर पंचायत सीमा क्षेत्र की आबादी की सफाई उपरांत सम्पूर्ण कूड़ा मुख्य मार्गो किनारे खाली जमीनों पर एकत्रित कर ट्रैक्टरों के माध्यम से डंपिंग सेंटर पर भेजा जाता रहा है। मुख्य मार्गो किनारे कूड़ा एकत्रित होने से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचती है। इस पर जिलाधिकारी सी पी सिंह ने कूड़े के ढेरों को मुख्य मार्ग से हटाने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी गोवर्धन को दिए थे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा व अधिशाषी अधिकारी चैतन्य तिवारी ने कस्बा की स्वच्छता को लेकर नया प्लान तैयार किया है जो आज से लागू हो जायेगा। इसके तहत अब कूड़ा मुख्य मार्ग किनारे एकत्र न कर नगर पंचायत के ट्रैक्टरों से सीधे डंपिंग सेंटर भेजा जाएगा। इसके लिए दानघाटी मंदिर से डीग अड्डा की तरफ और सौंख अड्डा की तरफ अलग अलग ट्रैक्टर कूड़ा एकत्र करेंगे। वही मुख्य बाजार बड़ा बाजार व दसवीसा बजरिया में एक एक टिपर दुकान खुलने के बाद दुकानों का कूड़ा एकत्र करेंगे। नगर पंचायत प्रशासन ने दुकानदार, व्यवसायियों से उनकी दुकानों के कूड़े को सड़क पर न डालते हुए नगर पंचायत के वाहन में डालने का आह्वान किया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि स्थानीय नागरिक कूड़े को नालियों व सड़क पर न डाले। कूड़ा नगर पंचायत के वाहनों में ही डाले। रेहड़ी, पटरी व धकेल स्वामी अपनी गंदगी को एकत्रित करने के लिए दस्त बिन का प्रयोग करे। किसी की दुकान अथवा धकेल के पास कूड़ा या गंदगी मिलने पर कड़ी कार्यवाही करने को विवश होना पड़ेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के भारसी मोड़ के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ी करमू निवासी 35 वर्षीय विशाल पुत्र राकेश मंगलवार की शाम को अपनी बाइक पर सवार होकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही युवक क्षेत्र के गांव भारसी मोड पर पहुंचा तो बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अज्ञात वाहन चालक अपने वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहरा मच गया।

# मैरिज होम के मालिक के घर लाखों की चोरी

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में अज्ञात चोरों ने मैरिज होम के मालिक के घर लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित मलिक ने पुलिस को मामले की सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटना को लेकर दहशत व्याप्त है। वही मामले में एसपी के आदेश पर घटना के खुलासे के लिए तीन टीम को मौके पर भेजा गया।

थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी डाक्टर संजय मलिक का दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर रॉयल प्लेस के नाम से मैरिज होम है। संजय मलिक अपनी पत्नी के साथ दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित मैरिज होम पर गया हुआ था। बीते मंगलवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर मकान के भीतर घुस गए। पूरे मकान को खंगालते हुए अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। जब पीड़ित ग्रामीण अपनी पत्नी के साथ घर लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ देखकर होश उड़ गए।

परिजनों ने घर के भीतर जाकर देखा कि अज्ञात चोरों ने पूरे मकान का सामान खंगालते हुए अलमारी के भीतर रखे कीमती जेवरात को और नगदी को चोरी कर लिया। पीड़ित संजय के अनुसार अज्ञात चोरों ने अलमारी के भीतर रखे 345000 की नकदी व 10 लख रुपए की कीमत के सोने चांदी के जेवरात को चोरी कर अपने साथ ले गए। चोरों के द्वारा इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। वहीं एसपी शामली रामसेवक गौतम के आदेश पर एसओजी व फॉरेंसिक टीम भी मामले की जांच पड़ताल के लिए मौके पर पहुंच गई। तीनों टीमों ने संयुक्त रूप से घटनास्थल की जांच पड़ताल की। घटना के संबंध में पीड़ित ग्रामीण संजय मलिक के द्वारा पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### शातिर चोर ले गए घर के सीसी कैमरे की डीवीआर

कांधला, जब पीड़ित परिवार घर पहुंचा तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। घर में सामान फैला देखकर परिजनों के होश उड़ गए। अज्ञात चोर मकान में लगे सीसी कैमरो के डीवीआर को भी उतार कर अपने साथ ले गए। घटना के खुलासे में अहम कड़ी बनने वाले सीसी कैमरे के चोरी हो जाने के बाद भी पुलिस की मुश्किलें बढ़ती नजर आई है। बहराल ग्रामीण के घर हुई लाखों की चोरी की कड़ी चुनोती को सुलझाने के लिए पुलिस कप्तान ने तीन टीमों को लगाया है।

## राष्ट्रवादी सेना के संगठन ने मनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती



**हाथरस।** संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास महाराज ने सदैव कर्म को महत्व दिया। उनका मानना था कि, मन की शुद्धि आत्मिक शुद्धि का आधार है और आत्मा शुद्ध है तो दुनिया की सभी सिद्धियां आपके पास होंगी।बुधवार को गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर राष्ट्रवादी सेना के हाथरस जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर उनकी पावन स्मृतियों को नमन किया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता जिला अध्यक्ष डॉ.टीकमसिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रवादी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. केके लामा ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय सिंह प्रेमी बाबू रहे। वीरीसिंह कर्दम, राजेश प्रबल (राजू गैसवाले,) आशीष कुमार जिला उपाध्यक्ष,जिला सचिव अशोक कुमार,रंजीत कुमार हाथरस विधानसभा अध्यक्ष,जिलासचिव लोकेश कुमार, हवीव मालिक मीडिया प्रभारी , वरिष्ठ अधिवक्ता गौड़ साहब,अशोक त्यागी ,राकेश कूला, रसरार पहलवान आदि लोग मौजूद रहें।

## किसान इंटर कॉलेज ने किया डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान



**वृन्दावन।** नगर के प्रमुख अध्यात्मविद्, साहित्यकार व समाजसेवी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का उनके द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में की गई अविस्मरणीय सेवाओं के लिए किसान इंटर कॉलेज, सौंख खेड़ा (मथुरा) के वार्षिकोत्सव में उनका सम्मान किया गया।उन्हें यह सम्मान कॉलेज के प्रबंधक एवं वरिष्ठ पत्रकार विनोद कुमार चूड़ामणि, एडवोकेट ने खाटू श्याम महाराज का चित्रपट, ₹मथुरा का इतिहास₹ ग्रन्थ, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट कर प्रदान किया।साथ ही प्रभु से उनके उज्ज्वल, स्वस्थ्य, सुखद व समृद्ध जीवन की मंगल कामना भी की। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी, कॉलेज के प्राचार्य व स्टाफ एवं विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं: पीएन पाण्डेय



**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बस्ती मण्डल के नव नियुक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएन पाण्डेय और मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर के मेहदावल प्रथम आगमन पर पीडब्लू डी बँगले पर मेहदावल तहसील अध्यक्ष महबूब पठान के नेतृत्व में माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मण्डल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएन पाण्डेय ने कहा कि पत्रकारों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। संगठन ने पत्रकारों के हितों के लिए निरंतर काम कर रहा है। मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी साथी मिल कर काम करें। संगठन निरंतर पत्रकारों के हितों के लिए काम कर रहा है। संगठन के साथियों का बीमा, हेल्थ कार्ड इसके उदाहरण हैं। इस अवसर पर राहुल यादव सपा नेता, आलोक बर्नवाल, महबूब पठान तहसील अध्यक्ष, रवि सिंह, सुनील अग्रहरि, अनूप अग्रहरि, इजहार शाह, कमलेश यादव, अब्दुल करीम, जयनाथ सिंह प्रधान, शंकर सहाय प्रधान, प्रशांत श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

### चाकू सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कांधला।** पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। एसपी के आदेश पर खंद्रावली चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र की यमुना नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान पूर्वी यमुना नहर पटरी स्थित फतेहपुर पुलिया के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने हिरासत में लेकर जब तलाशी ली तो पकड़े गए आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ।

# श्रील प्रभुपाद महाराज को विश्व गुरु की उपाधि मिलने पर राधा दामोदर मंदिर के सेवायतों ने किया हर्ष व्यक्त

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** सेवाकुंज क्षेत्र स्थित प्राचीन ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर में प्रयागराज महाकुंभ में इस्कॉन के संस्थापक व श्रीहरिनाम संकीर्तन का दुनिया भर में प्रचार-प्रसार करने वाले श्रील प्रभुपाद महाराज को ₹विश्वगुरु₹ की उपाधि दिए जाने पर मंदिर के सेवायतों के द्वारा हर्ष व्यक्त किया।साथ ही श्रील प्रभुपाद महाराज के चित्रपट का पूजन-अर्चन कर उन्हें अपनी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर बोलते हुए ठाकुर राधा दामोदर मंदिर के सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी महाराज ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ में अखाड़ा परिषद के द्वारा श्रील प्रभुपाद महाराज को उनके द्वारा श्रीहरिनाम संकीर्तन का दुनिया भर में प्रचार-प्रसार करने व असंख्य व्यक्तियों को वैष्णव हरि भक्ति की ओर अग्रसर करने के लिए जो विश्वगुरु की उपाधि से अलंकृत किया गया है, यह गौडिया संप्रदाय से जुड़े हर व्यक्ति के लिए गौरवान्वित विषय है।क्योंकि आज तक अखाड़ा परिषद के द्वारा किसी को इस उपाधि से अलंकृत नहीं किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रभुपाद महाराज ने ही विश्व भर में श्री हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से प्रभु भक्ति का प्रचार-प्रसार करके देश ही नहीं अपितु विदेशों में रह रहे लोगों को सनातन धर्म से जोड़ा। उनकी कोशिश के कारण ही आज असंख्य विदेशी भक्त सनातन धर्म से जुड़कर उसका प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

वहीं मंदिर के सेवायत आचार्य करुण गोस्वामी महाराज एवं आचार्य पूर्ण चंद्र गोस्वामी महाराज ने बताया कि श्रील प्रभुपाद महाराज ने वृंदावन के सप्त देवालयों में से प्रमुख ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में बैठकर ही साधना की थी। यही ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में बैठकर ही उन्होंने हरि नाम संकीर्तन का प्रचार प्रसार किया और राधा दामोदर मंदिर में ही रहकर उन्होंने कई विदेशी भक्तों को सनातन धर्म से जोड़ा। वही वह ठाकुर राधा दामोदर मंदिर से ही देश विदेश में हरि नाम संकीर्तन का प्रचार प्रसार करने गए। आज भी कई विदेशी भक्त राधा दामोदर मंदिर में श्रील प्रभुपाद महाराज की भजन स्थली और कुटिया के दर्शन करने के लिए आते हैं। इस मौके पर मोहन गौड़, अनुराग शर्मा, योगेश तिवारी एवं विदेशी महिला भक्त मौजूद रही।

इस अवसर पर मन्दिर के सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी, आचार्य पूर्णचंद्र गोस्वामी, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

## नोएडा से वर्ष 2021 में चोरी हुआ ट्रैक्टर, चंदपा पुलिस ने किया बरामद



वेलकम इंडिया

**चदंपा।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना चन्दपा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को छेंछी माता मन्दिर के पास ग्राम खेडा परसौली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुधीर पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी खेडा परसौली थाना चन्दपा के कब्जे से चोरी का एक ट्रैक्टर स्वराज बरामद हुआ है । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चन्दपा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त सुधीर उपरोक्त से टैक्ट्रर के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर बताया कि उसने यह ट्रैक्टर आगरा के एक व्यक्ति (नाम/पता अज्ञात) से खरीदा है, ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन नम्बर को ई-चालन एप्प से डालकर जानकारी की गई तो ट्रैक्टर गनेश सिंह पुत्र रामदीन निवासी मुघसेना खुर्द, सराय पिपरिया थाना दातागंज बदायू के नाम से पंजीकृत है ।



## आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**मथुरा/गोवर्धन।** विद्यालय के संस्थापक श्री राम मूर्ति शर्मा के सपनों को साकार करते हुए एक बार फिर अग्रिम पंक्ति में लगी छात्राओं को विद्यालय से विदाई दी गई। सभी अध्यापिकाओं और अध्यापकों के आशीष के साथ छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं के विशेष शिविर के समापन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता श्री मधुसूदन कौशिक मुख्य अतिथि बने, श्री कौशिक की पुस्तक ह्यब्रजरस गंधाह्न का बसंत पंचमी के दिन विमोचन हुआ था जिसके लिए प्रधानाचार्या श्रीमती पूर्णिमा कौशिक ने उनका शॉल भेंट करके स्वागत अभिनंदन किया। इस वर्ष विद्यालय से 70 छात्राओं को विदाई दी गई और प्रधानाचार्या ने उनकी उन्नति की कामना की और वह अपने देश, प्रदेश, जिला, ग्राम, विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करें ऐसी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कक्षा 12 की कक्षा अध्यापिका श्रीमती पूनम शर्मा ने सभी छात्राओं को उपहार दिए और उनकी छोटी बहनों द्वारा टीका करके और पुष्प वर्षा करके उनको विदाई दी गई।

## श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हुआ

वेलकम इंडिया





**मथुरा।** बाद ग्राम स्थित श्रीहित हरिवंशचंद्र जू की जन्मभूमि (श्रीजी मन्दिर) में अष्ट दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है।महोत्सव का शुभारभ प्रातःकाल गाजे-बाजे के मध्य निकाली गई श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ।तत्पश्चात संतों व भक्तों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य ग्रंथ और व्यासपीठ का पूजनअर्चन किया गया।

व्यासपीठ पर आसीन प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहित रामप्रकाश भारद्वाज (मधुरजी) ने अपनी सरस वाणी के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत ब्रह्मसूत्रों, वेदों एवं समस्त उपनिषदों का सार है। परब्रह्म परमेश्वर भगवान नारायण ने अपनी शक्ति से ब्रह्मा के हृदय में इसे प्रकट किया। ब्रह्मा ने देवर्षि नारद को और नारद ने वेद व्यास को दिया।तत्पश्चात वेद व्यासजी ने श्रीमद्भागवत की रचना की।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है। मानव इस संसार में जन्म तो ले लेता है, परंतु उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। बाल्यावस्था से लेकर मृत्यु तक वह सांसारिक गतिविधियों में ही लिप्त होकर इस अमूल्य जीवन को नश्वर बना देता है।

महोत्सव में श्रीहित श्रीमहंत लाड़िली शरण महाराज, श्रीहित पुरुषोत्तम दास महाराज, महंत श्रीहित दंपति किशोर महाराज (काकाजी), प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अनोखी पहल :

# जुल्म के खिलाफ आवाज संगठन के पदाधिकारियों ने गुरु रविदास की जयंती पर जरूरत मंद लोगों को कबंल वितरण किये

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** मथुरा रोड स्थित ओढ़पुरा पूर्णिमा फ्लेक्स पॉइंट हाथरस पर जुल्म के खिलाफ आवाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह ने टीम के साथ संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वी जन्म जयंती परिवर्तन तरीके से मनाई। संगठन के अध्यक्ष चौधरी बिजेंद्र सिंह ने शहर मे भ्रमण कर कंबल भेट एवं फुल माला पहनाकर व लड्डू खिलाकर गुरु रविदास जी की तस्वीर भेंटकर जूते चप्पल गांठने का कार्य करने वाले मोची भाइयो का स्वागत किया व गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाये दी।

जुल्म के खिलाफ आवाज संगठन के अध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा गुरु रविदास जी का जन्म 15वीं शताब्दी में वाराणसी के सीर गोवर्धन गांव में हुआ था। हमारी पहली सोच निचले स्थर पर जीवन यापन करने वाले हर व्यक्ति का मान सम्मान स्वाभिमान बराबर रखना चाहिए। हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है तो फल पाना हमारा सौभाग्य है। जहां प्रेम नहीं, वहां नरक है। जहां प्रेम है, वहां स्वर्ग है। मन शुद्ध हो तो हर जगह पवित्रता है। अगर मन पवित्र है और जो अपना कार्य करते हुए, ईश्वर की भक्ति में तल्लीन रहते हैं उनके लिए उससे बढ़कर कोई तीर्थ नहीं है। संत रविदास के अनुसार किसी भी व्यक्ति के ऊंच-नीच का आकलन जाति से नहीं किया जाना चाहिए। व्यक्ति के कर्म ही ऊंच-नीच के विषय में बताते हैं। साथ मे उपस्थित विधिक सलाहकार राजेश सिंह एडवोकेट जिला प्रभारी मुरारी लाल जिलाध्यक्ष सरदार सुरजीत सिह योगेश केशरि जिला उपाध्यक्ष पूर्व सभासद मुन्नालाल संजय सेठ जिला उपाध्यक्ष चौधरी जोगेन्द्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी राम राव अम्बेडकर राजवीर सिंह अभिषेक कुमार विपिन कुमार लकी चौधरी प्रेम कुमार राजकमल आदि थे।

## नकली क्यूआर कोड लगाकर शराब बेचने वाले दो गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**सहपऊ।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सहपऊ पुलिस एवं आबकारी टीम ने नकली क्यूआर कोड लगाकर शराब बेचने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से अपमिश्रित 135 टेट्रा पैक अवैध देशी शराब, 92 टैट्रा पैक अंग्रेजी शराब (कुल-227 ट्रेटा पैक) व तस्करी में प्रयुक्त एक फोर्ड ईको स्पोर्ट कार आदि बरामद हुए है । अभियुक्त नीरज उर्फ नीतेश पुत्र चरन सिह निवासी ग्राम थरौरा और अमित कुमार पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी ग्राम कुकरगवा थाना सहपऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि हम लोगों को हमारे सहभियुक्त नकली अंग्रेजी और देशी शराब में फर्जी क्यूआर कोड लगाकर सस्ते दामों में देते है तथा हम लोग उसी शराब को अपने गांव के आस-पास के क्षेत्रों में पूरे दाम पर बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते है । अभियोग में वांछित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# रविदास एक महान संत, कवि और समाज सेवक थे: राम उजागिर बौद्ध

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा क्षेत्र के दुधारा स्थित गौतम बुद्ध मंदिर परिसर में संत रविदास की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाई गई। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सेमरियावा ब्लाक के गांव दुधारा स्थित गौतम बुद्ध मंदिर परिसर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाई गई।

इस दौरान राम उजागिर बौद्ध ने कहा कि रविदास जी बचपन से ही बहुत धर्मिक थे और उन्होंने अपने जीवन के दौरान कई धर्म ग्रंथों को अध्ययन किया था। रविदास जी एक महान संत, कवि और समाज सेवक थे जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में सन-1377 में हुआ था।

संत रविदास का संपूर्ण जीवन सदाचार, सादगी व कर्मयोग का संदेश देता है। अगर हमारी आत्मा व हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का आह्वान किया कि हम संत रविदास के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए सद्भाव व भाईचारे को और मजबूत बनाने का संकल्प लें।

संत रविदास मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इन्होंने जात पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया।

गुरु रविदास जी (रैदास) का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा दिन रविवार को संवत 1433 को हुआ था। उनके पिता संतोख दास तथा माता का नाम कलसां देवी था। रैदास ने साधु-सन्तों की संगति से पर्याप्त ज्ञान प्राप्त किया था। रविदास जूते बनाने का काम किया करते थे। वह अपना काम पूरी लगन तथा परिश्रम से करते थे। उनके जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं से समय तथा वचन के पालन सम्बन्धी उनके गुणों का पता चलता है।

इस अवसर पर प्रेम प्रकाश उर्फ पप्पू, पप्पू कुमार, राम उजागिर बौद्ध, सर्वजीत, बुद्धिसागर, राम चन्द्र, कांशीराम, ओमसागर, संग्राम भारती, हीरालाल गौतम, राधेश्याम, अवध राज आदि मौजूद रहे।

## इटवा में सात आशा कार्यकर्ताओं को नोटिस

**खुनियांव/सिद्धार्थनगर।** खुनियांव सीएचसी के अधीक्षक डॉ. पीएन यादव ने संस्थागत प्रसव में लापरवाही बरतने वाली आशा कार्यकताओं पर कड़ी कार्रवाई की है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 7 आशा कार्यकताओं ने 20 अक्टूबर से 20 जनवरी के बीच एक भी संस्थागत प्रसव नहीं कराया है। इन आशा कार्यकताओं में सेहुड़ा की सुभावती, अहिरौली की मीना, खुरबंदी की केतकी, मऊ नानकार की शीतल यादव, जगजीवनपुर की दिव्या, हरैया की फूलकुमारी और महुआ खुर्द की नैना शामिल हैं। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को निष्कासन की रिपोर्ट भेजी जाएगी। डॉ. यादव ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत गर्भावस्था के पंजीकरण से ही माताओं को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव के लिए प्रेरित करना आशा कार्यकताओं का मुख्य कर्तव्य है। इसी उद्देश्य से उनका चयन किया गया है, लेकिन कुछ आशाएं अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। अधीक्षक ने सभी एएनएम को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र की आशा कार्यकताओं के कार्यों की नियमित समीक्षा करें।

# ये दवाएं हम ले जा रहे हैं, बाकी की बात ऑफिस में होगी

वेलकम इंडिया




**बरेली।** मेडिकल स्टोर में दवाइयों की जांच को लेकर आयुर्वेद इंस्पेक्टर की टीम के दो सदस्यो ने सीबीगंज थाना क्षेत्र के चंदपुर जोगियान स्थित एक मेडिकल स्टोर पर अचानक छापा मार कार्यवाई की गई, इस कार्यवाई को छापा मार कार्यवाई कहें या कुछ और ये समझ से परे ही नजर आता है, क्योंकि जिस कर्मचारी द्वारा मेडिकल स्टोर पर दवाइयों की जांच के नाम पर कुछ दवाइयों को अपने साथ ले जाना और मेडिकल स्टोर वाले से यह कहना कि ऑफिस में आकर आगे की बात होगी, यह क्या दशार्ता है आखिर साहब ऑफिस क्यों बुला रहे हैं, जिले में आए दिन रिश्वत खोरी के मामले सामने आते रहते हैं अभी कुछ दिन पहले स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी की खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें वह रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार हुआ था, बावजूद इसके अभी भी तमाम विभागों के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे, कुछ जानकारों के अनुसार बताया गया कि जब कभी किसी मेडिकल स्टोर पर दवाइयों को लेकर कोई कार्यवाई की जाती है तो उसमें सबसे पहले संदेह के आधार पर सैंपलिंग की जाती है सैंपलिंग करने के उपरांत उसकी चार कॉपी बनाई जाती हैं, जिसमें एक कॉपी मेडिकल स्टोर संचालक को भी दी जाती है चारों ही कॉपियों पर मेडिकल स्टोर संचालक और आयुर्वेदिक इंस्पेक्टर या स्वास्थ्य विभाग के उसे कर्मचारी के हस्ताक्षर होते हैं जिसने सैंपलिंग की हो, जिससे आगे चलकर मेडिकल स्टोर संचालक या फिर आयुर्वेदिक इंस्पेक्टर या कर्मचारी, की गई कार्यवाई से मुंह न चुरा सके।

लेकिन बुधवार को सीबीगंज थाना क्षेत्र के चंदपुर जोगियान स्थित एक मेडिकल स्टोर से जिस तरह सैंपल के नाम पर दवाइयों के दो पैकेट उठाकर ले जाना और ऑफिस में मिलकर आगे की बात करना, किस ओर इशारा कर रहा है। यह तो स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही समझ सकते हैं। इस मामले पर जब हमारे संवाददाता द्वारा आयुर्वेदिक इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह से बात की गई तब उन्होंने बताया कि यह हमारे विभाग के ही योगेंद्र गंगवार हैं जो कि चन्दपुर जोगियान में मेडिकल स्टोर की जांच के लिए पहुंचे हैं जब उनसे दुकान पर ही सैंपल लेने की बात कही गई तब उन्होंने बताया की मेडिकल स्टोर संचालक के पास आयुर्वेदिक दवा के बिल नहीं होंगे इसलिए ऑफिस आने को कहा गया है।

## वन कर्मियों का आंदोलन जारी, आरपार की लड़ाई लड़ने का ऐलान

**बागेश्वर।** वन आरक्षियों का अपनी पर्व से लंबित मांगों को लेकर आंदोलन जारी है। बुधवार को भी दूसरे दिन उन्होंनेकाला फीता बांधकर चार घंटे का कार्य बहिष्कार किया। यहां हुई सभा में जल्द मांग पूरी नहीं होने पर 15 फरवरी से पूर्णकालिक कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में वन कर्मियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन भी चार घंटे का कार्य बहिष्कार शुरू किया। वन आरक्षी कर्मियों ने कहा कि अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार झूठे आश्वासन देकर उनकी अनसुनी कर रही है। अब उन्होंने आर-पार का मन बना लिया है। उन्होंने जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो व्यापक स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# 60 किसानों ने विशेषज्ञ वैज्ञानिकों से स्गंध खेती के बारे मेंली जानकारी



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** सीमैप गरुड़ में किसानों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बागेश्वर, कपकोट, कांडा, गरुड़ तहसील के 60 से अधिक किसानों ने स्गंध की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। विषय विशेषज्ञों ने जिले के आबोहवा को औषधीय खेती के लिए उपयुक्त बताया। किसानों से इस क्षेत्र में आगे बढ़कर अपनी आर्थिकी मजबूत करने की भी अपील की। सीमैप के विशेषज्ञ डाक्टरों ने बताया कि कपकोट और गरुड़ में ठंडी जलवायु वाले स्थान में स्गंध पौधों की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु है। इन फसलों को जानवरों से भी कोई नुकसान नहीं होता है। कम पानी मे यह खेती हो सकती है। मुख्य रूप से ठंडी जलवायु में थायम, स्पीयर मिंट, कैमोमाइल, गुलाब, रोजमेरी, लेमन ग्रास, मैरोजाना, लेमन बाम, गुल मेंहदी, सुथरा की खेती की जा सकती है। विशेषज्ञों ने बताया कि कृषि के बदलते पैटर्न के प्रति सबको जागरूक होना होगा। पंत नगर से आए डाक्टर संजय ने बताया कि बागेश्वर जिला प्रशासन की कार्ययोजना में रोजमैरी का विस्तार कार्यक्रम शामिल है।

# अव्यवस्थाओं का पूरक बना बरेली का डीआईओएस कार्यालय

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** जिले के सरकारी स्कूलों के भौतिक हालातो के सत्यापन को लेकर जिले के शिक्षा अधिकारी अक्सर बिल्डिंग में व्यवस्थाओं और सुविधाओं को लेकर विद्यालयों को सचेत करते ही रहते हैं लेकिन यह शिक्षा अधिकारी यह नहीं देख पाते कि उनकी नाक के तले बने सरकारी कार्यालयों की स्थिति कैसी है, आज हम आपको एक ऐसा ही एक कार्यालय दिखाना चाहते हैं जिसे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय कहते हैं, जहां पर जिला विद्यालय निरीक्षक स्वयं बैठकर जनपद में कक्षा 12 तक के विद्यालयों के संचालन एवं उनको उपलब्ध कराने वाली सुविधाओं और योजनाओं के बारे में मंथन करते हैं, इस कार्यालय की हालत ऐसी हो चुकी है जैसे कि कोई डलाव घर, बरेली जिले के सिविल लाइंस स्थित इस कार्यालय में पानी की व्यवस्था के लिए बनाई गई बिल्डिंग का बुरा हाल हो चुका है, खंडहर बन चुकी बिल्डिंग में पीने के पानी के लिए लगाई गई टोंटियां गायब है, और अधिकारी इन सभी चीजों से अंजान बने हुए हैं, ऐसा नहीं है कि कार्यालय के सौंदरीकरण या मरम्मत कार्य के लिए विभाग द्वारा कोई पैसा न प्राप्त होता हो, प्रत्येक वर्ष कार्यालय की रंगाई पुताई के साथ मरम्मत कार्य के लिए भी धनराशि का आवंटन होता है, लेकिन उसे पैसे का उपयोग बिल्डिंग के लिए नहीं किया जाता, यदि किया जाता होता तो बिल्डिंग की हालत ऐसी दिखाई नहीं देती।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के परिसर में चाय की दुकान के साथ तमाम हमने दुकान भी लगाई गई है आखिर इन दुकानों को लगाने की अनुमति किसने दी है जब इस बाबत कार्यालय के कुछ कर्मचारियों से पूछा गया तो वह कन्नी काटते हुए दिखाई दिए, कुछ कर्मचारियों ने दबी जुवान में कहा कि इन चाय की दुकान और खाद्य सामग्रियों की दुकानों से कार्यालय के कुछ बाबुओं की हिस्सेदारी बटी हुई है, उन्हे पुलिस वालों की तरह महीना तो नहीं मिलता, लेकिन खाने पीने की सामग्री में छूट जरूर मिलती है।

### कार्यालय प्रांगण में जगह जगह लगे कूड़े के ढेर

जिला विद्यालय निरीक्षक जब निरीक्षण पर निकला करते हैं तो विद्यालय में लंबे-लंबे उपदेश देते हुए नजर आते हैं स्वच्छ भारत मिशन को लेकर गांधी जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा सभी शिक्षकों और स्कूली बच्चों को देते हैं, लेकिन कोई इनसे भी पूछे कि उनके कार्यालय का स्वच्छ भारत मिशन कहां खो गया है। इस कार्यालय में मूलभूत सुविधा के नाम पर शुद्ध पानी के लिए लगाई गई पानी की मशीन भी धूल फांक रही है, वहीं परिसर में लगे हुए इंडिया मार्का हैंडपंप के हालात भी दयनीय ही नजर आ रहे है। जब यह शिक्षा अधिकारी भ्रमण के लिए जिले के इंटर कॉलेजों में जाते हैं, तब हल्की सी कमी पाए जाने पर संबंधित अध्यापकों के खिलाफ या विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ लिखा-पढ़ी करने में जरा सी भी देर नहीं करते लेकिन अपनी नाक के नीचे हो रही है अवस्थाओं का ये अधिकारी आखिर कैसे बचाव करेंगे।

# गुटखा कारोबारी के ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** गुटखा कारोबार में करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी के संदेह पर इनकम टैक्स विभाग ने बुधवार सुबह गगन गुटखा डीलर्स के ठिकानों पर छापेमारी की। विभाग को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि गुटखा कारोबारी एक ही गाड़ी के बिल्टी नंबर पर कई गाड़ियों से माल फैक्ट्री से बाहर निकाल रहे थे। ये कारोबारी जीएसटी और इनकम टैक्स की चोरी कर सरकार को करोड़ों का चूना लगा रहे थे। प्रशासन की कड़ी नजर के बाद बरेली सहित प्रदेश के अन्य बड़े गुटखा कारोबारियों को रडार पर लिया गया। बरेली में गगन गुटखा से जुड़े कारोबारियों द्वारा टैक्स चोरी किए जाने की जानकारी मिलने के बाद इनकम टैक्स विभाग की कई टीमों ने एक साथ कार्रवाई शुरू कर दी। छापेमारी के तहत गुटखा डीलर रामदास भारद्वाज और अमित भारद्वाज के ठिकानों पर इनकम टैक्स टीम ने दबिश दी। बरेली की टीबरी नाथ कॉलोनी, राजेंद्र नगर सहित कई स्थानों पर यह कार्रवाई की गई। भरद्वाज परिवार और नौकरों को बाहर जाने से रोका गया। अमित भारद्वाज को पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। आयकर विभाग की टीमें घंटों से दस्तावेज खंगाल रही हैं। बरेली व्यापार मंडल के प्रमुख नेता भी हैं जिसके चलते व्यापारी वर्ग में हड़कंप मच गया। जैसे ही छापेमारी की खबर फैली, व्यापारी समाज में हलचल मच गई और कई लोग मौके पर पहुंचने लगे। बताया जा रहा है कि विभाग के पास पुख्ता सबूत हैं, जिसके आधार पर यह छापेमारी की गई है। आयकर विभाग जल्द ही जब्त किए गए दस्तावेजों और पूछताछ के आधार पर बड़ा खुलासा कर सकता है।

# टीएमयू में फिजिक्स की कॉन्फ्रेंस में जुटेंगे देश के जाने-माने एक्सपर्ट्स

- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की ओर से दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस के चार सत्रों में प्रजेंट होंगे 150 शोधपत्र

वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में देश के जाने-माने फिजिक्स एक्सपर्ट्स जुटेंगे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग- एफओई में आयोजित दो दिनी 05वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में आईआईटी- हैदराबाद, एनपीएल- दिल्ली, एनआईटी समेत ये विशेषज्ञ न केवल अपने शोधपत्र पढ़ेंगे, बल्कि अपने अनुभव भी साझा करेंगे। 14 फरवरी से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस के चार सत्रों में 150 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इनके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज- एनसीएमडी में 10 आमंत्रित विशेषज्ञ भी अपने रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे। इससे पूर्व सीएसआईआर के निदेशक प्रो. वेणुगोपाल अचंता एवम् टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन एलटी-06 में कॉन्फ्रेंस का संयुक्त रुप से विधिवत शुभारम्भ करेंगे। इस मौके पर जाधवपुर यूनिवर्सिटी के प्रो. केके चटोपाध्याय, बीएचयू की प्रो. नीलम श्रीवास्तव, हैदराबाद यूनिवर्सिटी के डॉ. एके चौधरी, एनआईटी- जालंधर के डॉ. प्रवीन मलिक, एएमयू- अलीगढ़ के डॉ. जयप्रकाश, आईआईटी- हैदराबाद के डॉ. योगेश श्रीवास्तव आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी।

कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर एवम्‌ फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने बताया, यह कॉन्फ्रेंस फिजिक्स के रिसर्चर्स और स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। एनसीएमडी- 2025 में सेमीकंडक्टर, सिरेमिक, कम्पोजिट पॉलीमर, बायोमैटेरियल्स, सेंसर्स, नैनोमैटेरियल्स आदि पर गहन मंथन होगा। उल्लेखनीय है, एफओई की ओर से यह कॉन्फ्रेंस 2020 से लगातार आयोजित हो रही है। कॉन्फ्रेंस के कन्वीनर्स- डॉ. अमित शर्मा और डॉ. दीप्तोनिल बनर्जी बताते हैं, बेस्ट रिसर्च पेपर एंड पोस्टर प्रस्तुतकर्ता को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत उत्कृष्ट पेपर्स इंटरनेशनल जर्नल- वाइली के मैक्रोमोलेक्यूलर सिम्पोजिया में प्रकाशित किए जाएंगे।

### नई टेक क्रांति में मैटेरियल्स-डिवाइसेज का अहम रोल

एनसीएमडी कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य 21वीं सदी में आ रही तकनीकी चुनौतियों का निदान खोजना है। आईटी क्षेत्र की कोई भी क्रांति बिना मैटेरियल्स के अधूरी है। उदारहण के लिए हमें ऐसे सेमीकंडक्टर मैटेरियल्स और डिवाइसेज तैयार करने होंगे, जो कम लागत, कम स्पेस के संग-संग हाई प्रोसेसिंग स्पीड सरीखा कार्य करें और टिकाऊ रहे। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को पूरा करने में एआई के साथ-साथ मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज का भी अहम रोल रहेगा।




## सीढ़ी पर बने रेलिंग में फंदा लगाकर झूला युवक, मौत

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित पानी टंकी के सीढ़ी पर बने रेलिंग में रस्सी के सहारे बोरिंग साइड पर काम काज देखने वाले फतेहपुर जिले के असोरथ थाना क्षेत्र के कुसुंभीपुर निवासी राजीव कुमार सिंह उर्फ मुन्ना उम्र (40) वर्षीय फांसी लगाकर जान दे दिया।बुधवार की सुबह जब बोरिंग करने वाले अन्य मिस्त्री सोकर उठे तो देखे की युवक झूला हुआ था।अन्य कर्मचारियों द्वारा इसकी सूचना ठेकेदार सौरभ उपाध्याय व शरद उपाध्याय को दिया गया।सूचना पर मौके पहुंचे ठेकेदार ने घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया।मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार त्रिपाठी व फोरेंसिक टीम मौके ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लिए।युवक के जेब से पुलिस को एक सोसाइटी नोट मिला है जिसमें लिखा था कि जीवन से त्रस्त आकर में आत्महत्या कर रहा हूं।वही अन्य कर्मचारियों ने बताया कि इधर कई दिनों से युवक परेशान चल रहा था परिवार को लेकर युवक के मां-बाप की मौत हो चुका है कुछ महीने पहले युवक की पत्नी भी युवक को छोड़कर कही चली गई थी।पुलिस द्वारा युवक के भाइयो को घटना की सूचना दिया गया।

# चौधरी अजित सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** छोटे चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी अजित सिंह सात बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा के लिए चुने गये। चार बार केंद्रीय मंत्री रहे। केंद्र और राज्य की राजनीति में अहम भूमिका निभाई। उनका आचारण हमेशा बेहद मर्यादित और संयमित रहा। उनके जैसा सहज, सरल राजनेता विरले ही जन्मते हैं। उनके साथ उन लोगों ने सबसे ज्यादा धोका दिया जिन्हें उन्होंने ही आगे बढ़ाया। जाट संसार पत्रिका के प्रधान संपादक मुजफ्फरनगर निवासी अनंगपाल राठी बताते हैं की उनके साथ सबसे बड़ा धोखा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के शक्ति परीक्षण में हुआ। यह धोखा सिर्फ उनके साथ ही नहीं था बल्कि किसान कमेरे विशेष कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के के साथ हुआ था। इस धोखे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति को एक तरह से ग्रहण लगा दिया था। तब से आज तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति ज्यादा कुछ पनप नहीं पाई है। चौधरी चरण सिंह जी की तरह चौधरी अजीत सिंह भी सत्ता की परवाह नहीं करते थे। वह सत्ता में रहकर हमेशा किसान कमेरे वर्ग का ही सोचते थे। जाटों को आरक्षण दिलवाने में उन्होंने अपनी राजनीति को दांव पर लगा दिया था। और अंततः जाटों को आरक्षण मिल भी गया था। लेकिन जाटों ने उन्हें जाट बहुल मुजफ्फरनगर की लोकसभा सीट से और उनके बेटे को बागपत लोकसभा सीट से हराकर उनके एहसान का बदला चुकाया था।उन्होने धैर्य के साथ नाकामियों का भी सामना किया। राजनीति में सुर्खियां बटोरने के लिए उन्होंने कभी भड़काऊ भाषण और ओछी हरकतों का सहारा नहीं लिया, कभी बेतुकी बयानबाजी और विवाद खड़े नहीं किये। कई मामलों में उनके विचार



चौधरी चरण सिंह जी के विचारों से मेल खाते थे। जब बहुत जरूरी होता, तभी बोलते थे और एकदम नपा-तुला बोलते थे। उनकी मुस्कान बहुत कुछ बया कर देती थी। मीडिया से उचित दूरी बनाये रखी, जिसका उन्हें बहुत नुकसान भी हुआ। दूसरों पर आरोप लगाने में भी उन्होंने हमेशा संयम बरता।

- आईआईटी से इंजीनियरिंग की, किसानों की खुशहाली के लिए संघर्ष किया: रामवीर सिंह तोमर


अस्सी के दशक में वे उस वक्त राजनीति में आए जब चौधरी चरण सिंह अस्वस्थ थे और लोक दल एक बड़ी ताकत था। जानकारी के मुताबिक आईआईटी, खड़गपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक और अमेरिका के इलिनॉय इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एमएस करने के बाद 60 के दशक में आईबीएम में काम कर चुके थे। आईआईटी से होने का उन्होंने कभी बखान नहीं किया। लेकिन तकनीकी मामलों की उनकी समझ उनके उद्योग, खाद्य, कृषि और विमानन मंत्री रहने के दौरान सामने आई। चौधरी अजित सिंह करीब 45 साल के थे जब राजनीति में आए। आते ही उन्हें लोकदल और फिर जनता दल की अंदरूनी खींचतान का सामना करना पड़ा और धोखे खाये। इसी वजह से उनका रुझान कांग्रेस और फिर भाजपा की तरफ भी हुआ। लेकिन जीवन के आखिरी दशक में वे मजबूती से विपक्षी राजनीति का हिस्सा रहे। यह वो दौर था जब विपक्ष में रहना सबसे मुश्किल काम था।

अजित सिंह ने नब्बे के दशक में केंद्रीय मंत्री रहते हुए चीनी मिलों के बीच न्यूनतम दूरी के मानक बदलकर नई चीनी मिलों को खूब लाइसेंस दिलवाये। इस नीतिगत पहल ने गन्ना किसानों की खुशहाली का रास्ता खुला।

इसमें कोई दोराय नहीं कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की विरासत संभालने वाले और जाटों की चौधराहट को कायम रखने वाले चौधरी अजित सिंह राष्ट्रीय राजनीति के शीर्ष तक नहीं पहुंच सके। अगर किस्मत ने साथ दिया होता और अपनो ने धोखा न दिया होता तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उनके रहते किसान और देशभर के जाटों में एक अहसास था कि ₹दिल्ली में म्हारा कोई है₹। यह अहसास उनके चुनाव हारने के बाद भी बना रहा। चुनाव हारने के बाद भी उनकी ताकत में कोई कमी दिखाई नहीं दी किसान आंदोलन का गाजीपुर प्रकरण हो या हरेंद्र मलिक के बेटे का मामला हो जब जब वह खड़े हुए तो सरकार को पीछे कदम हटाने पड़े। लेकिन उनके जाने के बाद और उनके बंगले को खाली कराने के साथ इस अहसास ने दम तोड़ दिया है। देश की किसान राजनीति में एक खालीपन पैदा हुआ है, लेकिन चौधराहट को कायम रखने और किसानों के हक की लड़ाई लड़ने का दारोमदार राष्ट्रीय लोकदल और उनके पुत्र जयंत चौधरी के कंधों पर है। देखते हैं कि जयंत इसमें कितने सफल रहते हैं।

# गेम पार्लर से युवाओं को आधुनिक खेलों की सुविधा मिलेगी: संजय द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**बस्ती/ संतकबीरनगर।** गुरुवार को बस्ती में युवाओं के लिए गेमिंग पार्लर के नाम पर नये युग की शुरूआत हुई है। साहू ग्रुप ने गेम हैवेंन के नाम से शहर में आधुनिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए गेम पार्लर खोला है। गेम पार्लर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने किया। श्री द्विवेदी ने कहा कि गेम पार्लर से युवाओं को आधुनिक खेलों की सुविधा मिलेगी। उन्हें स्थानीय स्तर पर मनोरंजन की अच्छी सुविधा मिलेंगे।

साहू ग्रुप के गौरव साहू ने आये अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा बस्ती में अब एक नई और दिलचस्प मनोरंजन की दुनिया का आगाज हुआ है। गेम हैवेंन नामक एक नया गेमिंग पार्लर अब बस्ती के बच्चों और युवाओं के लिए खुल चुका है।

सुमित गुप्ता ने कहा कि ₹गेम हैवेंन₹ में आपको मिलेगा एक अत्याधुनिक गेमिंग अनुभव, जिसमें कार सिमुलेटर, वर्चुअल रियलिटी (वीआर) गेम्स और पी एस -5 के सारे नए और लोकप्रिय गेम्स जैसे कि जीटीए -5, स्पाइडर-मैन, फीफा- 23 सहित अन्य बहुत सारे रोमांचक गेम्स खेलने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, यहां पर स्वादिष्ट खाने-पीने की सुविधाएं भी दी गई हैं, ताकि आपको गेमिंग के साथ-साथ अच्छे खाने का भी मजा लिया जा सके।

# शादी समारोह में घुसा तेंदुआ, दारोगा समेत दो घायल

वेलकम इंडिया





**लखनऊ।** ादी समारोह के बीच बुद्धेश्वर एमएम लॉन में घुसा तेंदुआ, लोगों ने भागकर बचाई जान, दारोगा समेत दो घायलराजधानी लखनऊ में बुधवार की रात एक यूट्यूबर की शादी समारोह में तेंदुआ घुस गया। यह शादी अवध चौराहे से दुबग्गा की ओर जाने वाले हरदोई बाईपास पर बुद्धेश्वर स्थित एमएम मैरिज लॉन में हो रही थी। शादी समारोह के दौरान पहली मंजिल पर तेंदुआ दिखने से भगदड़ मच गई। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची, तो हमला कर दिया। इसमें वन दरोगा मुकद्दर अली जख्मी हो गए। शादी समारोह के एक वीडियोग्राफर और मैरिज लॉन कर्मचारी छत से कूद गए। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। देर रात तीन बजे वन विभाग की टीम तेंदुए को ट्रैंक्यूलाइज कर पाई।

बुद्धेश्वर फ्लाईओवर से उतरते ही एमएम मैरिज लॉन है। यहां आलमबाग पूरन नगर निवासी यूट्यूबर अक्षय की विक्रम नगर निवासी ज्योति के साथ शादी थी। बारात आ चुकी थी। नाश्ता शुरू होने वाला था। रात करीब 8:30 बजे लॉन की पहली मंजिल पर जंगली जीव देखा गया। वीडियोग्राफर अमन के सहयोगी ने सबसे पहले हल्ला मचाया। उसने लॉन के मैनेजर को बाघ आने की सूचना दी। अमन का आरोप है कि मैनेजर ने कहा कि बिल्ली होगी, अपना काम करो। लॉन का एक कर्मचारी दूसरी मंजिल पर पता लगाने लगा तभी तेंदुए ने झपट्टा मारा तो वह वहीं से कूद गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। मैरिज लॉन में तेंदुए को घुसते हुए किसी ने नहीं देखा। अनुमान लगाया जा रहा है कि समारोह में लोगों के पहुंचने से पहले ही तेंदुआ घुस गया था और पहली मंजिल पर छिप गया था। रात करीब 830 बजे पहली बार वीडियोग्राफर ने बाघ जैसा जीव देखा तो हल्ला मचाया। फोटोग्राफी का काम करा रहे अमन खान ने बताया कि शाम को उनका कर्मचारी पहली मंजिल पर बैग लेने गया था। इस बीच उसने तेंदुए को देखा। वह भागा तो तेंदुए ने पीछा किया। छत से गिरने से उसका पैर टूट गया। कर्मचारी छत से कूदा आरोप है कि गेस्ट हाउस मालिक को जानकारी देने पर उसने अनसुना कर दिया। भगदड़ मचने पर मैनेजर और गार्ड पहली मंजिल पर पहुंचे। तेंदुआ लपका तो कर्मचारी छत से कूद गया। उसकी कमर में चोट आई है।

रहमान खेड़ा में ही बाघ इस बीच कंट्रोल रूम की सूचना पर पारा थाने की पुलिस पहुंची और वन विभाग को मामले की जानकारी दी। विभाग ने जांच के बाद दावा किया कि देर रात बाघ की लोकेशन रहमान खेड़ा के जंगल में ही थी। साथ ही डीएफओ डॉ. सितांशु पांडेय ने रहमान खेड़ा में बाघ की तलाश कर रही विशेषज्ञों की टीम को मौके पर रवाना किया। लॉन में टीम पर हमले के बाद इस बात की पुष्टि हो गई कि वहां मौजूद जानवर तेंदुआ है। देर रात ट्रैंकुलाइज किए जाने के बाद पिंजरा मंगाकर तेंदुए को उतारने की तैयारी शुरू कर दी गई थी। जिस वक्त मैरिज लॉन में जंगली जानवर देखा गया, तब दुल्हन और उसकी सहेलियां ब्राइडल रूम में थीं। हल्ला मचने पर सभी ने खुद को कमरे में कैद कर लिया। इस बीच, लड़की पक्ष के लोग भी भाग निकले पर कमरों में मौजूद घर वाले फंस गए।

## वन विभाग की टीम पर मारा झपटा

पिछले 63 दिनों से रहमान खेड़ा के जंगल में बाघ खोजा जा रहा था कि बुधवार देर शाम बुद्धेश्वर के मैरिज लॉन में तेंदुए ने दस्तक दे दी। तीन दिसंबर-24 को पहली बार रहमानखेड़ा में बाघ देखा गया था। इससे वन विभाग उबर भी नहीं पाया था कि तेंदुए ने चुनौती दे दी। मैरिज लॉन में 830 बजे तेंदुआ दिखने से भगदड़ मच गई। उसने वन विभाग की टीम पर हमला भी कर दिया। देर रात तीन बजे वन विभाग टीम को तेंदुए को ट्रैंकुलाइज करने में सफलता मिली। तेंदुए की सूचना पर रहमानखेड़ा में कैंप कर रही विशेषज्ञों की टीम को भेजा गया। टीम मैरिज लॉन के चैनल गेट से पहली मंजिल की सीढ़ियों पर चढ़ ही रही थी कि तेंदुए ने हमला कर दिया। सभी भागे। चैनल गेट तक पहुंचते-पहुंचते कई गिर गए। सबसे आगे रहे वन दरोगा मुकद्दर अली पर तेंदुए ने हमला बोला तो उनका हाथ जख्मी हो गया। इस बीच ट्रैंकुलाइजर गन से फायर किया गया तो तेंदुआ पीछे चला गया। वन कर्मियों ने बाहर आकर चैनल बंद कर दिया। देर रात करीब तीन बजे छत पर तेंदुए की हलचल दिखने पर वन विभाग ने बड़ा जाल मंगाकर क्रेन से इस तरह से बिछाया कि वह नीचे न आ सके। विशेषज्ञ ने ट्रैंकुलाइजर से निशाना साधा, जो उसकी गर्दन में जा लगा।

# डीएम ने किया भूमि का मूल्यांकन

- जिलाधिकारी ने व्यावसायिक और कृषि भूमि की जांच, 5 मंजिला बिल्डिंग का किया निरीक्षण, स्टांप ड्यूटी की गणना की

वेलकम इण्डिया



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने बुधवार को सहायक महानिरीक्षक निबंधन राजेश कुमार सिंह के साथ नगर पालिका परिषद बांसी के दो अलग-अलग स्थानों पर भूमि का मूल्यांकन किया।

पहला निरीक्षण पुरबौला माफी में किया गया, जहां 348 वर्गमीटर की विक्रीत भूमि पर बनी 5 मंजिला इमारत का मूल्यांकन किया। इस इमारत में पहली से चौथी मंजिल तक 391.76 वर्गमीटर और पांचवीं मंजिल 256.24 वर्गमीटर का निर्माण है। कुल 1823.43 वर्गमीटर के व्यवसायिक निर्माण का मूल्यांकन 5.03 करोड़ रुपए आंका गया। इस पर 35.27 लाख रुपए स्टांप शुल्क और 5.03 लाख रुपए निबंधन शुल्क देय है।

दूसरा निरीक्षण ग्राम गोल्हौरा में किया गया, जहां 0.9650 हेक्टेयर कृषि भूमि का मूल्यांकन किया। आबादी से सटी इस भूमि का कुल मूल्य 90.90 लाख रुपए निर्धारित किया गया। इस पर 4.54 लाख रुपए स्टांप शुल्क और 90,900 रुपए निबंधन शुल्क देय है। मूल्यांकन में विशेष रूप से पहले 500 वर्गमीटर के लिए 3,700 रुपए प्रति वर्गमीटर और अगले 500 वर्गमीटर के लिए 1,850 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से गणना की गई।

# धैर्य पूर्वक एवं तनाव मुक्त होकर करें परीक्षा की तैयारी : प्रणय मनु



**नूरपुर।** आर आर पब्लिक स्कूल नूरपुर के प्रधानाचार्य ने बताया कि संयम और पूर्ण एकग्रता से करें विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा देने की तैयारी मोबाईल फोन के इस युग में एकाग्रता का बनाना बहुत जटिल है लेकिन नामुमकिन नही। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि जितना हो सके बोर्ड परीक्षाओं के चलते मोबाइल से दूर रहें। हो सके तो इस कार्यकाल में मोबाईल प्रयोग ही ना करें। निरन्तर प्रयासरत विद्यार्थी अपने कोर्स का बार-बार रिविजन करें। जिन विद्यार्थियो ने ज्यादा समय अपनी पढाई को नहीं दिया है। वे कुछ चुनिन्दा टॉपिक्स लेकर उन्हें बार- दोहराने का प्रयास करें ताकि पास होने के साथ-साथ अच्छे मार्क्स भी ला सकें। अभिभावको से निवेदन है कि वो अपने बच्चे पर पूर्ण विश्वास करके उसे परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उसकी तुलना किसी दूसरे बच्चे से ना करें। दिन में कम से कम एक बार बच्चे से उसकी परीक्षा से सम्बन्धित बात जरूर करें। विद्यार्थी धैर्य पूर्वक एवं तनाव मुक्त होकर करें परीक्षा की तैयारी।

# बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में चाय पर चर्चा की : सोमवीर सिंह



**नूरपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर द्वारा 13 पावर वीडर क्षेत्रीय कृषकों को अनुदान पर वितरण कराए गए। उसके बाद चीनी मिल द्वारा चलाए जा रहे ₹चाय पर चर्चा₹ कार्यक्रम में कृषकों के साथ बसंत कालीन गन्ना बुवाई एवं बीज बदलाव के लिए बातचीत की।

जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर ने कृषकों से गन्ना बीज सुरक्षण, ट्राईकोडरमा से भूमि उपचार, फफूंदी नाशक से बीज उपचार, एम बी पलाव से गहरी जुताई एवं ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किसान भाई केवल संस्तुत गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करें जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में गन्ना बीज चीनी मिल द्वारा सुरक्षित एवं मैपिंग किया गया है जिसको एक किसान के मोबाइल पर मौके पर ही सर्च करके दिखाया गया। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि कल एक नई गन्ना प्रजाति कोशा 19231 अगेती प्रजाति में रिलीज हुई है जिसका अगले वर्ष बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उपाध्यक्ष गन्ना जितेंद्र कुमार मलिक ने बताया कि चीनी मिल ट्राइकोडर्मा, थिओफिनेट मिथाइल, पावर वीडर, ट्रेंच प्लांटर, एम बी प्लाव एवं छोटे ट्रैक्टर अनुदान पर उपलब्ध करा रही है ₹चाय पर चर्चा₹ कार्यक्रम के बाद जिला गन्ना अधिकारी ने ग्राम गोहावर में कृषक रणवीर सिंह के यहां चीनी मिल स्टाफ के द्वारा घर-घर जाकर ट्राइकोडर्मा कल्चर तैयार करने के अभियान का निरीक्षण किया। वहां पर सड़ी हुई गोबर की खाद में ट्राइकोडर्मा मिलाकर कल्चर तैयार किया जा रहा था। जिला गन्ना अधिकारी ने उपस्थित कृषकों से इसी तरह ट्राइकोडर्मा कल्चर तैयार कर बुवाई से पहले अंतिम जुताई पर खेत में डालने के लिए कहा। क्षेत्र भ्रमण में चीनी मिल से मुख्य गन्ना प्रबंधक (विकास) सोमवीर सिंह, मुख्य गन्ना प्रबंधक (विपणन) इंद्रवीर सिंह, अपर गन्ना प्रबंधक भूपेंद्र सिंह, उप गन्ना प्रबंधक राजवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधक संजीव खोखर, गन्ना अधिकारी राहुल सोम, फिल्ड सुपरवाइजर हिमांशु दीक्षित उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु रविदास जयंती





वेलकम इंडिया

**तल्हेडी बुजुर्ग।** तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई।

बुधवार को तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव चन्देना कोली, घ्याना ,बेगमपुर,साखन कला और तल्हेडी बुजुर्ग में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांव चंदेना कोली में पूर्व नागल ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ईशान्त चौधरी और गांव धर्मपुर सरावगी में भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी द्वारा फीता काटकर संत शिरोमणि गुरु रविदास की शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान मोदी मल, भाजपा नेता विपिन आर्य, ग्राम प्रधान मेहरबान, डॉक्टर ब्रह्मपाल आदि उपस्थित रहे। जबकि गांव तल्हेडी बुजुर्ग में समाजसेवी मास्टर पहल सिंह ने शोभायात्रा का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संतो ओर महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। तत्पश्चात शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड तल्हेडी बुजुर्ग से होते हुए गांव शाहपुर से गुजरी और वापिस शिव मंदिर पर पहुंचकर सकुशल तरीके से संपन्न हुई।

कार्यक्रम में सौरभ नौटियाल,मास्टर सतीश कटारिया, जितेंद्र नौटियाल, सुमित लांबा,नीटू मिस्त्री,नितिन, अभिषेक,पोद्दा,शुभम लांबा,तरुण नौटियाल,प्रवेश,सचिन पालीवाल, दिनेश भगत,डॉक्टर विनोद, अंकित नौटियाल, भोपाल, डॉक्टर बालेन्द्र,मोहन जवालिया के साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में रविदास जयंती पर्व धूमधाम से मनाया गया लेकिन गांव गंगदासपुर जट्ट में पप्पन पुत्र इंद्र सिंह उम्र 37 वर्ष का कैंसर के चलते निधन हो गया जिसके कारण गांव में जयंती समारोह को रद्द कर दिया गया।

# शब-ए-बरात: गुनाहों से तौबा की रात...बंदों पर बरसती है अल्लाह की रहमत

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** शब ए बारात मुस्लिमों का एक बड़ा त्यौहार है। इस्लाम के मुताबिक शब ए बारात को फैसलों की रात मानी जाती है, इस दिन तमाम लोगों के आमाल तय होते हैं। इस रात में अल्लाह पाक हर बंदे की दुआओं को कुबूल करता है और उसके गुनाहों को माफ करता है।

शब-ए-बारात इस्लाम मजहब की 4 सबसे मुकद्दस रातों में से एक है। इस साल 13 फरवरी गुरुवार को शब ए बारात मनाई जाएगी। शब ए बारात के मौके पर लोग घरों में मीठा हलवा, खीर, मिठाई इत्यादि पकवान बनाकर गरीबों में तकसीम करते हैं। देश भर की सभी मस्जिदों, खानकाहों में दुआए होती है। लोग कब्रिस्तान में जाकर रिश्तेदारो और अजीजों की कब्रों पर फातेहा पढ़ते हैं। यह भी माना जाता है कि इस रात में फरिश्ते दुनिया के सभी बंदों द्वारा साल भर में किए गए कामों का लेखा-जोखा अल्लाह के सामने पेश करते हैं। जिस पर अल्लाह पाक अपनी कुदरत से फैसले फरमाता है और बंदों को अपनी नेमतों और रहमतों से नवाजता है। इस रात को अल्लाह की इबादत कर गुनाहों की तौबा की जाती है। शब-ए-बारातः इस्लामी कैलेंडर के 8वें महीने यानि शाबान महीने की 15वीं रात को शब-ए-बारात मनाई जाती है। यह रात सूरज के डूबने के बाद से शुरू होती है और सुबह फजिर के समय खत्म होती है। शब-ए-बारात की रात बंदे मस्जिदों और कब्रिस्तानों में जाकर अपने रिश्तेदारों, अजीजो-अकारिब की कब्रों पर फातिहा पढ़ते हैं और उनकी मगफिरत के लिए दुआ मांगते हैं। *शब-ए-बारातः* इस्लाम में चार सबसे मुकद्दस रातें हैं, अशूरा, शब-ए-मेराज, शब-ए-बारात और शब-ए-कद्र. इन चार रातों के दौरान अल्लाह की इबादत की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इन रातों पर अल्लाह की इबादत की जाए तो हर दुआ कबूल होती है, और अल्लाह बंदे के हर गुनाह को माफ कर देता है।

# बीएचएनडी दिवस पर डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इण्डिया



**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** बीएचएनडी (बाल स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस) के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने विकास खंड खेसरहा के पिपरा फरदंग में स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की और एएनसी (एंटीनेटल केयर) तथा एचआरपी (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) रजिस्टर का बारीकी से अवलोकन किया।

जब डीएम को पता चला कि नवजात शिशुओं का नियमित टीकाकरण नहीं हो रहा है, तो उन्होंने एएनएम सीमा चतुर्वेदी और सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) से कड़े शब्दों में स्पष्टीकरण मांगा।

उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि टीकाकरण दिवस से एक दिन पहले घर-घर जाकर लोगों को सूचित करें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और शिशु स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए की गई। जिलाधिकारी की यह पहल बताती है कि प्रशासन शिशु स्वास्थ्य के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा।

# पर्यावरण प्रदूषण समस्या पर किया व्याख्यान माला का आयोजन




वेलकम इंडिया

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चाँदपुर-स्याऊ में भूगोल विभाग के तत्वाधान में ह्लपर्यावरण प्रदूषण की समस्या एवं निराकरण के उपाय₹ विषय पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें जे एस एच पीजी कॉलेज, अमरोहा के भूगोल विभाग की प्रभारी डॉ संगीता धामा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ संगीता धामा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए विद्यार्थी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता और प्रकृति के साथ लगाव की भावना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। विद्यार्थी अपने स्थानीय क्षेत्र के लोगों में जागरूकता बढ़ाते हुए व्यक्तियों को स्थानीय पर्यावरण के बारे में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रभारी प्रोफेसर डॉ महीपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की व्याख्यान मालाओं को आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करना है जहां पर वे पर्यावरण प्रदूषण के प्रति अपने विचारों को साझा कर सके तथा जागरूकता फैला सकें।

आधुनिक जीवनशैली तथा रहन-सहन के तरीकों ने पर्यावरण को काफी प्रभावित किया है। हमारे कल की दुनिया तभी रहने योग्य बची रहेगी जब हमारा आज का आचरण पर्यावरण के अनुकूल होगा पर्यावरण के प्रति हमारी थोड़ी सी जागरूकता इसके संरक्षण में एक बड़ी भूमिका निभा सकती है। व्याख्यान माला में सिद्धार्थ, मोहम्मद अदनान, वैशाली तथा बुशरा रोशन ने आदि छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। व्याख्यान मालाओं को सफल बनाने में डॉ विनोद कुमार, डॉ राजकुमार तथा मुनीश कुमार ने विशेष सहयोग दिया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, मौ सलीम, पूरन प्रकाश तथा महाविद्यालय के अधिसंख्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित क्रूजर ट्रक से टकराई, 9 घायल

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के भीखीपुर गांव के नेशनल हाईवे पर एक पेट्रोलपम्प के समीप बुद्धवार को प्रयागराज से वाराणसी की तरफ काशी दर्शन के लिए जा रही एक क्रूजर जीप अनियंत्रित हो चलती ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। जिसमें महिला सहित 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लातूर महाराष्ट्र से लगभग दर्जन भर दर्शनार्थी प्रयागराज में महाकुंभ स्नान कर वाराणसी काशी विश्वनाथ दर्शन करने जा रहे थे की भीखीपुर ( मिजार्मुराद ) गांव के समीप नेशनल हाईवे पर एक चलती ट्रक में पीछे से क्रूजर कार जा भिड़ी। जिसमें दत्ता प्रस्वामी उम्र 55, जीवन मैन चट्टे 54 वर्ष, शिव कांता उम्र 40 वर्ष, भारतीय गोखले उम्र 45 वर्ष, लक्ष्मी मड़पती 42 वर्ष, शशिकला उम्र 44 वर्ष, शकुंतला उम्र 46 वर्ष, कुसुम पुदाले उम्र 60 वर्ष, संजीता उम्र 52 वर्ष सभी निवासी लातूर ( महाराष्ट्र ) गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने एंबुलेंस के सहायता से सभी गंभीर रूप से घायलों को ट्रामा सेंटर भेज दिया।

# आदित्य नारायण पब्लिक स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**वाराणसी चोलापुर।** क्षेत्र के स्थानीय बाजार में रविवार को आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल, चोलापुर, में कक्षा 10 के छात्रों के लिए गुड लक पार्टी तथा कक्षा 12 के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार विद्यालय हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ विनोद राय क्षेत्रीय सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक परिषद ने विद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन करते हुए छात्रों को शिक्षा से जुड़ी तमाम बिंदुओं पर सुझाव दिए।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों में प्रवीश कुमार सिंह , दिलीप कुमार मिश्रा , उमेश सिंह , तरुण रूपानी , दीपक सिंह एवं विजय शंकर चौबे , अरुण पाठक जी बीजेपी नेता, अभय यादव पत्रकार आदि उपस्थित रहे। हेड मिस्ट्रेस ऋचा मिश्रा, कोऑर्डिनेटर राहुल पांडेय एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी स्नान आस्था के साथ साथ वैज्ञानिक महत्व भी रखता है यही सनातन है : दिव्य अग्रवाल

वेलकम इंडिया

अधात्यमिक दृष्टि के साथ साथ वैज्ञानिक दृष्टिगत जब कुम्भ स्नान किया जाता है तो एक मानव शरीर को में बहुत सारे हार्मोन्स ऐसे होते हैं जो संतुलित हो जाते हैं । ऑक्सीटोसिन,डोपामिन,सेरोटोनिन, एंडोर्फिन्स,कोर्टिसोल,मेलाटोनिन जैसे हार्मोन्स जिनमे त्रिवेणी स्नान के पश्चात सकारात्मक बदलाव होता है जो वैज्ञानिक शोध में प्रमाणित भी है। अब बात करते हैं श्रद्धा और विश्वास की तो सनातन में प्रकृति के प्रति सदैव ही आस्था रही है, गंगा स्नानं , त्रिवेणी स्नान , यज्ञ हवन , वृक्ष पूजा आदि को मोक्ष प्राप्ति के मार्ग से जोड़कर देखा जाता है । आप देखिए जब साधारण पानी को एक पात्र में भरकर हम स्नान करते हैं तो उस पानी को नाली आदि में बहने देते हैं उस पानी को एकत्रित कर उससे पुनः स्नान नहीं करते लेकिन यह महाकुम्भ है जिसके पवित्र जल में एक साथ हजारो व्यक्ति एक ही स्थान पर एक ही जल से स्नान करते हैं, मिनरल वाटर पीने वाले लोग भी जिस जल में स्नान करते हैं उसी का आचमन भी करते हैं , यह वैज्ञानिक चमत्कार ही तो है यदि इस पवित्र जल को घर में भी रखा जाए तो जल बिलकुल स्वच्छ और निर्मल रहता है ।

स्वर्ग जाने हेतु समर्पण और जन्नत जाने हेतु विनाश इसीलिए सनातन सर्वमान्य है -

कुम्भ एक विशाल परम्परा जिसमे कोई भेद नहीं कोई भेदभाव नहीं , समूचा सनातनी समाज मां गंगा को अपनी मां मानकर उनको स्पर्श कर अभिभूत और आनंदित हो जाता है । श्रद्धा का यह भाव तो मोक्ष अर्थात परम आनंद प्रदान करता है हाँ यह बात अलग है की कुछ मजहबी पुस्तकों में दुसरो की हत्या करके ही जन्नत जाने का मार्ग बताया गया है तभी जिहादी समाज मानवता को रौंदने पर आतुर रहता है । जिन संसाधनों से यही पृथ्वी स्वर्ग का अनुभव कराती है सनातन में वह सब पूजनीय हैं लेकिन जिहादी समाज उन्ही संसाधनों के विनाश में जन्नत का मार्ग ढूंढता है।

यह त्रिवेणी महाकुंभ का प्रताप ही तो है की कोई सनातनी व्यक्ति किसी भी साधना या पूजा पद्धति में विश्वास रखता हो पर महाकुंभ में स्नान करने अवश्य पहुंच रहा है ।



# हॉकी प्रतियोगिता का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष भी रहे मौजूद

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



दिनांक 12 फरवरी 2025। खेल निदेशालय लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा ओपन राज्य आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम में दिनांक 12 से 16 फरवरी तक किया जा रहा है जिसका शुभारम्भ आज विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि देश प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री खेलों के प्रति सजग है, हर गांव स्तर पर खेल के मैदान है, ब्लाक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाये जा रहे है। गांव के जो प्रतिभाशाली खिलाड़ी है वे राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें। उन्होने खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी और कहा कि यह आयोजन उभरते हुये खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण है, खेलों से जो हमे सीख मिलती है वह अच्छे नागरिक के तौर पर विकसित करने में निःसन्देह बहुत ही महत्वपूर्ण मदद करती है। खेलों से नेतृत्व भावना एवं स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होना बहुत ही आवश्यक है नही तो स्वस्थ्य शरीर किसी काम का नही माना जाता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने में खेलों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होने कहा कि स्पोर्ट्स स्टेडियम को सुदृढ़ करने में हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

हाकी का पहला मैच जिला लखनऊ और बिजनौर के बीच खेला गया, बेहद ही कांटे की टक्कर रही, मुकाबले का कोई निष्कर्ष नहीं निकला और मैच 1-1 की बराबरी पर रहा, लखनऊ के लिए अपराजिता सिंह और बिजनौर के लिए शिवानी ने गोल किया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ियों से सुसज्जित उत्तर पूर्व रेलवेज और मऊ के बीच खेला गया, यह मैच एकतरफा रहा और बेहद ही आसान मुकाबले को उत्तर पूर्व रेलवेज ने काजल के 4 गोल, रीतू के 2 गोल, कोमल साहनी के 3 गोल के मदद से मैच जीत लिया। प्रतियोगिता का तीसरा मैच लखनऊ छात्रावास और जिला गोरखपुर के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ छात्रावास ने शोभा के 2 गोल, श्रद्धा 1, मान्या 1, प्रतिभा ने 1 गोल किए, गोरखपुर के लिए मात्र एक गोल पलक कुमारी ने किया। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जिला कुश्ती संघ के सचिव जय बहादुर, पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक राम शिरोमणि सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी, जिम ट्रेनर विक्रम सिंह के अलावा स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, बुद्ध प्रकाश, अरविंद कुमार, जेपी यादव, शोभनाथ यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में खुर्शीद अली ,जसीम ,अब्दुल, आशा, कवि, शबनम ,मधु, श्रेया, मेराज, रश्मि सिंह भी शामिल रहे।

## कबीर साहित्य परिषद -भारत ने मनाई रविदास जयंती

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**




हापुड़ कबीर साहित्य परिषद -भारत ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648 वी जयंती पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से गुणगान करते हुए गोष्ठी के आयोजक डा.जितेंद्र जीत ने पढ़ा कि दीनों के आवाह्न की और दुखियों की अरदास की ।हाथ जोड़कर बैठो साधु कथा सुनो रैदास कीर।।तो वहीं वरिष्ठ कवि विजय वत्स जी ने कहा कि ना जातिन को देखिए,ना रंग काला देख।भेद मिटा बस प्यार कर,बस अच्छा ही देख।। तो वहीं डा.सुनील सरकार ने पढ़ा कि..अच्छी-अच्छी किताबो का अध्ययन करिए ।और मन से लगाइए ध्यान ।ऐसा संत गुरु रविदास जी ।हमको दे गए ज्ञान। युवा कवि अंकित इंकलाब ने कुछ यूं पढ़ा कि....देखो जरा गौर से, दिखे शिरोमणि दास ।पढ़ समझ के अपना इसे, क्यों रहे तू उदास।। आज के माहौल से दुखी होकर चेतन कुमार ने पढ़ा कि. लिखूं गर झूठ तो सर मेरा कलम कर देना।

## घर से स्कूल के लिए निकलीं दो छात्राएं अचानक गायब

**वेलकम इंडिया**

- पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों छात्राओं को लखनऊ से किया सुरक्षित बरामद।

**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर की दो छात्राएं मंगलवार की सुबह एक साथ स्कूल के लिए घर से निकलीं और अचानक लापता हो गईं ।छुट्टी के काफी देर बाद भी जब वे घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों को चिंता हुई ।उन्होंने स्कूल के स्टाफ से जानकारी की तो पता चला कि दोनों छात्राएं स्कूल नहीं पहुंची हैं।इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।तरहरीर मिलने के बाद पुलिस त्वरित एक्शन में आई और छात्राओं की तलाश में जुट गई ।पुलिस की तत्परता से दोनों छात्राओं को लखनऊ से सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

स्थानीय निजी स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ने वाली नगर की दो छात्राएं मंगलवार को सुबह नो बजे घर से स्कूल के लिए निकलीं थीं ।लेकिन वे अचानक गायब हो गईं। दोनों छात्राएं आपस में सहेली बताई जाती हैं। जब छात्राएं छुट्टी के काफी देर बाद तक भी घर नहीं लौटीं, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने छात्राओं के स्कूल में जानकारी की तो पता चला कि वो आज स्कूल नहीं आयी हैं। इसके बाद लड़कियों को इधर-उधर तलाश किया गया, पर उनका कुछ पता नहीं चला। परिजनों द्वारा छात्राओं के अचानक गायब होने की कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई ।जिसके बाद पुलिस त्वरित एक्शन में आई और छात्राओं की तलाश में जुट गई ।एक छात्रा के पास मोबाइल था ।जिसके आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लोकेशन ट्रेस कर दोनों छात्राओं को लखनऊ से सुरक्षित बरामद कर लिया ।जिससे परिजनों ने राहत महसूस की। पुलिस की तत्परता और सूझबूझ से दोनों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं। उम्मीद है कि जल्द ही मामले की सच्चाई सामने आएगी और अगर इसमें कोई अपराध या साजिश शामिल है, तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र आर्यन गोयल का (जेईई मेनस) परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र आर्यन गोयल ने 97इ2 परसेंट अंक प्राप्त कर ( आईआईटी संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस) के लिए क्वालीफाई करके स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। मेधावी छात्र आर्यन गोयल ने जेईई मेनस की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में उत्तम स्थान प्राप्त कर स्कूल अध्यापकों एवं अभिभावकों दोनों को गौरांवित किया। विद्यार्थी आर्यन गोयल के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी एवं स्कूल प्रधानाचार्य डॉ सरिता सिंधु ने विद्यार्थी के अभिभावक की जागरूकता एवं कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए हृदय से बधाई देते हुए सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए आगामी बोर्ड व जेईई परीक्षा के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## ब्लैकमेलिंग से पीड़ित छात्रा ने आग लगा कर दी जान, सुसाइड नोट बरामद, हुई एफआईआर॰आरोपी फरार

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** ब्लैक मेलिंग से परेशान होकर एम॰ए॰की एक छात्रा द्वारा खुद को आग लगाकर जान देने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा का एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें राकेश शर्मा और उसके माता पिता को मौत के लिए जिम्मेदार बताया गया है एसएसपी॰श्लोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मृतक छात्रा का मेरठ में पोस्टमार्टम हो रहा है। मृतका के पिता ने मामले को लेकर बीबी नगर थाने में तहरीर देने की बात कही है।

बीबी॰नगर थाना क्षेत्र की निवासी एम॰ए॰की एक छात्रा ने अपने पूर्व परिचित युवक की ब्लैक मेलिंग से प्रताड़ित होकर आत्मदाह कर लिया। मृतका ने सुसाइड नोट में लिखा है कि अग्रसेन गांव निवासी राकेश उसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसका यौन शोषण कर रहा है कई बार जबरदस्ती भी की यही नहीं छात्रा से कई बार में ब्लैक मेल कर 2 लाख रुपए की वसूली भी कर चुका हैं। मृतक छात्रा ने मरने से पहले लिखे सुसाइड नोट में लिखा कि 3 मार्च को उसकी शादी होनी थी। लेकिन राकेश ने मंगेतर को उसके फोटो और वीडियो भेज दिए। जिसके बाद उसका रिश्ता टूट गया। राकेश द्वारा ब्लैकमेलिंग से परेशान छात्रा ने जानलेवा कदम उठाते हुए अपनी जान दे दी। मृतका के पिता ने बताया कि गंभीर हालत में मंगलवार की रात को मेरठ के एक अस्पताल में उसको भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान छात्रा को दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

बीबी नगर थाने में तहरीर देकर उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसएसपी॰श्लोक कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बीबीनगर एसएचओ॰को निर्देश दिए गए है। पुलिस शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई करेगी।

## पत्नी ने पति से शराब पीने से रोका तो पति ने गंडासे से किया हमला

**बुलंदशहर।** खानपुर थाना क्षेत्र के गांव भदौरा निवासी मीनाक्षी देवी को अपने पति प्रजीत को शराब पीने से रोकना और शराब पीने पर मायके जाने की धमकी देना भारी पड़ गया। आरोपी पति पीड़िता को अपने साथ मायके छोड़ने की बात कहकर ले गया और रास्ते में खेत में ले जाकर गंडासे से उसकी हत्या करने की कोशिश की महिला का शोर सुनकर पहुंचे राहगीरों ने महिला को बचाया और आरोपी को पुलिस को सौंप दिया। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त विवरणनुसार गांव भदौरा निवासी लखपत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र प्रजीत सिंह शराब का आदी है। शराब पीकर अपनी पत्नी मीनाक्षी देवी व परिजनों से झगड़ा और गाली गलौज करना उसकी आदत हो गई

## मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेता संत शिरोमणि सदगुरु रविदास महाराज की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर रविदास मंदिर में आयोजित संगोष्ठी एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मिलित होकर संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक गण सहित संत रविदास सेवा समिति के अध्यक्ष रामखेलावन मुख्य रूप से उपस्थित रहे और संत रविदास की प्रतिमा पर नमन करके पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा कि गुरु रविदास का जीवन दर्शन एवं उनके विचार हमें सत्य और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं तथा समरस समाज के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत गुरु रविदास की शिक्षाओं को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनका संदेश सामाजिक समरसता, समानता और आध्यात्मिक उत्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से संत रविदास के आदर्शों को अपनाने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि संत गुरु रविदास की जयंती को भाजपा लखनऊ महानगर कार्यकताओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया । विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन, संगोष्ठियों और सेवा कार्यों का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने भाग लिया। होटल पिकेडली के सामने रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, परविंदर सिंह, राकेश श्रीवास्तव, पार्षद पीयूष दीवान, सचिन वैश्य,संत रविदास सेवा समिति के उपाध्यक्ष जियालाल महामंत्री संतोष कुमार सचिव बसंत लाल सहित बड़ी संख्या में अनुयायी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** संत रविदास जयंती यहां आज धूमधाम से मनाई गई। उनके अनुयायियों ने चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने यहां दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बाबा भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के निकट खिचड़ी का वितरण किया। इससे पूर्व विनोद वैशाली ने कहा कि संत रविदास जी ने आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से दीन दुखियों का मार्गदर्शन किया। सत्यागी, मोनू धामा, धर्मवीर सिंह, गुलाब सिंह, होशियार सिंह, सोनू, जितेंद्र सिंह आदि कई सभासद मौजूद थे।

## विश्व यूनानी दिवस पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** भारतीय एकता सद्भावना मिशन के तत्वावधान में विश्व यूनानी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शिक्षक नेता अब्दुल नोमान ने यूनानी चिकित्सा की सराहना की। उन्होंने बताया कि यूनानी चिकित्सक और भारतीय राजनेता एवं स्वतंत्रता सेनानी हकीम अजमल खान की जयंती पर यह दिन मनाया जाता है। उन्हें बीसवीं शताब्दी के आरम्भ में दिल्ली में तिब्बिया कॉलेज की स्थापना करके भारत में यूनानी चिकित्सा का पुनरुत्थान करने के लिए जाना जाता है। इस दौरान यूनानी चिकित्सक डॉ. फीरोज खान, डॉ. सुल्तान बेग का सम्मान किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष माबूद अली ने सरल एवं सफल चिकत्सा पद्धति के तौर पर यूनानी परामर्श का संस्मरण किया। इस दौरान एडवोकेट रमजान खान, मुजफ्फर हाशमी, रईस खान, अमन खान, प्रभुदयाल, ललित कोरी, वाजिद खान और वीरू साहू आदि उपस्थित रहे।

## झांसी के नारायण बाग में तोप के गोले मिलने से मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया**



**झांसी!** कोतवाली थाना क्षेत्र के नारायण बाग के समीप लक्ष्मी ताल पर चल रही सफाई के दौरान दो गोले मिले। जिससे वहां हड़कंप मच गया। इसकी सूचना पार्षद ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ओर बीडीएस की टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक नगर निगम पार्षद राहुल कुशवाह आज सुबह सफाई कर्मियों से नारायण बाग स्थित लक्ष्मी ताल की सफाई करवा रहे थे। समय करीब ग्यारह बजे अचानक सफाई के दौरान दो तोप के गोले मिले। दोनों गोले बारूद से भरे बताए जा रहे है। पार्षद राहुल कुशवाह ने इसकी सूचना तत्काल कोतवाली थाना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर बड़ागांव गेट चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। जांच पड़ताल शुरू करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। इधर बड़ागांव गेट चौकी प्रभारी ने बताया कि सूचना पर पहुंच कर कार्यवाही शुरू की जा रही है। बीडीएस टीम को सूचना दे दी गई है। टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है।

## संत रविदास जयंती एवं पूर्णिमा पर्व पर आस्था की डुबकी लगाने श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला अधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद के तीर्थ नगरी ब्रजघाट में संत रविदास जयंती एवं पूर्णिमा पर्व को लेकर मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने को लेकर दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह, ने सीओ स्तुति सिंह, व पुलिस बाल के साथ मुख्य स्नान घाट आरती स्थल प्लेटफार्म आदि जगहों पर पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। और साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था मे कोई भी कोताही नहीं बरतने को लेकर संबंधित को दिए सख्त दिशा निर्देश।



## जंगल में मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जनपद के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति का खेत में शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आगे की जांच शुरू कर दी है जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गांव मंगलपुर निवासी मुकेश सिंह (48) का शव पुलिस चौकी अमरगढ़ स्थित जंगल में संदिग्ध अवस्था में मिला है। बताया जा रहा है कि अमरगढ़ निवासी किसान की पत्नी प्रेमवती अपने खेत गईं थी। उन्होंने ट्यूबवेल चलाया और पानी नाली में उतरने लगा। इसके बाद वह नाली देखने के लिए गईं तो वहां पर मुकेश सिंह का शव मिला। महिला ने इसकी जानकारी अपने पति को दी किसान ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी।

# चितौड़ा गांव में चौधरी अजीत सिंह की 86 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** चितौड़ा गांव में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी के आवास पर श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह जी की 86वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। आज गांव चितौड़ा में चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी के आवास पर पूर्व केंद्रीय मंत्री, किसान कमेरों की बुलंद आवाज, श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह की 86वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने आहुति डालकर किसान मसीहा को नमन किया। इसके पश्चात चौधरी अजीत सिंह जी के जीवन और उपलब्धियों पर चर्चा की गई, जहां सभी ने उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को स्मरण किया। इस अवसर पर चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी ने कहा, श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह



ने हमेशा किसानों, मजदूरों और कमेरों की आवाज को बुलंद किया। वे सात बार लोकसभा सांसद, एक बार राज्यसभा सदस्य और चार बार केंद्रीय कैबिनेट मंत्री रहे। जब भी उन्हें सत्ता मिली, उन्होंने किसानों के हक में नीतियाँ बनाईं और क्रांतिकारी निर्णय लिए एडवोकेट अजयवीर चौधरी ने कहा कि जब चौधरी अजीत सिंह जी उद्योग मंत्री थे, तब उन्होंने देशभर में 44 नई चीनी मिलें स्थापित कराईं और मिल की दूरी 25 किलोमीटर से घटाकर 15 किलोमीटर करवाई, जिससे गन्ना किसानों को सीधा लाभ हुआ और उनकी आय में वृद्धि हुई। क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने कहा वे केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि किसानों के सच्चे मसीहा, कुशल प्रशासक और समाजसेवी थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने चौधरी अजीत सिंह के सिद्धांतों पर चलने और किसानों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। उनकी दूरदृष्टि और नीतियाँ आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेंगी। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट अजय वीर चौधरी क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन' जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया' दिलावर सिंह' डायरेक्टर इंद्रपाल सिंह' ऋषिपाल सिंह' आनंद सिंह' हरेंद्र फौजी' विजयपाल सिंह' पवन कुमार' राजीव कुमार' दया वीर सिंह' राजवीर सिंह' सुशील सिंह' सोनपाल सिंह' मास्टर योगेंद्र सिंह' समरजीत सिंह' महक सिंह' जोगिंदर सिंह' रामकुमार सिंह' एडवोकेट गौरव प्रताप सिंह' एडवोकेट सौरभ प्रताप सिंह' गोपी ठाकुर' विशाल सिंह' बलवान सिंह' विक्रम सिंह' कुशल पाल सिंह' गौतम सिंह' राजवीर सिंह' अजय कुमार' उदेश कुमार' जितेंद्र सिंह' बलजीत सिंह' आदि मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कैलाश कॉलोनी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

भारतीय जनसंघ के प्रणेता रहे तथा दिवंगत नहीं एक प्रकार से रहस्यमय हत्या थी को दोनों सदनों में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी थी।एक सादगीपूर्ण जीवन शैली के अनुगामी उपाध्याय आज की राजनीति के लिये उदाहरण हैं यदि हम सिद्धांत एवं संस्कृति और संस्कारों के पथ पर चलते हैं। बदलते परिवेश में समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास एवं ज्ञान से जोड़ने के लिए बाल्यकाल से ही शिक्षा देनी होगी। प्रथम पायदान तक यदि हमारा विश्वास नहीं पहुँच पाता है तो राष्ट्र प्रगति नहीं करता।जीवनी महापुरुषों



की यद्यपि हम पुस्तक में या नेट के माध्यम से पढ सकते हैं परंतु जब तक वो आदर्श हमारे चरित्र में नहीं झलकता व्यर्थ हैं। अतः जयंती या पुण्यतिथि मनाना मात्र औपचारिकता नहीं वरन् संदेश प्रसारित करना भी है। उपस्थिति मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा, आशीष कश्यप, अनिल सैन, दीपा वर्मा, दीपक कर्दम, मनीषा सिंह, वासु वर्मा तथा डॉक्टर अनिला सिंह आर्य आदि की रही।

## नोएडा सेक्टर 24 पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल समेत 2 गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर ।** जिला गौतमबुद्धनगर के थाना सेक्टर-24 पुलिस , सेक्टर-57 से सेक्टर-54 चौकी की तरफ जाने वाली सड़क पर चेकिंग कर रही थी। खोड़ा कॉलोनी की तरफ से सेक्टर-54 की तरफ एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए।

संदिग्ध प्रतीत होने पर रुकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर मोटरसाइकिल असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर वहीं गिर गए। पुलिस ने उनको घेर लिया। सरेंडर करने के लिए कहा गया। अपने को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस ने फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल बदमाश की पहचान अमन पाल पुत्र सुरेन्द्र पाल निवासी गाजीपुर, दिल्ली हुई है। इसकी उम्र 23 साल है। इसके पास से एक तमंचा बरामद किया गया। दूसरे बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान राज चौहान पुत्र रामकुमार चौहान निवासी मयूर विहार फेस-3, दिल्ली हुई। इसकी उम्र करीब 25 साल है। इनके कब्जे से जो बाइक बरामद की गई वो थाना सेक्टर-24 क्षेत्र से चोरी की गई थी। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है।

# संत गुरु रविदास जी जयंती धूमधाम से मनाई गई





वेलकम इंडिया

**तल्हेडी बुजुर्ग।** बुधवार को तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव चन्देना कोली, घ्याना ,बेगमपुर,साखन कला और तल्हेडी बुजुर्ग में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांव चंदेना कोली में पूर्व नागल ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ईशान्त चौधरी और गांव धर्मपुर सरावगी में भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी द्वारा फीता काटकर संत शिरोमणि गुरु रविदास की शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया।इस दौरान पूर्व प्रधान मोदी मल, भाजपा नेता विपिन आर्य, ग्राम प्रधान मेहरबान, डॉक्टर ब्रह्मपाल आदि उपस्थित रहे। जबकि गांव तल्हेडी बुजुर्ग में समाजसेवी मास्टर पहल सिंह ने शोभायात्रा का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संतो ओर महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। तत्पश्चात शोभायात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड तल्हेडी बुजुर्ग से होते हुए गांव शाहपुर से गुजरी और वापिस शिव मंदिर पर पहुंचकर सकुशल तरीके से संपन्न हुई। कार्यक्रम में सौरभ नौटियाल,मास्टर सतीश कटारिया, जितेंद्र नौटियाल, सुमित लांबा,नीटू मिस्त्री,नितिन, अभिषेक,पोद्दा,शुभम लांबा,तरुण नौटियाल,प्रवेश,सचिन पालीवाल, दिनेश भगत,डॉक्टर विनोद,अंकित नौटियाल, भोपाल, डॉक्टर बालेन्द्र, मोहन जवालिया के साथ काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नोएडा एक्सप्रेस वे पर रुकावट बने तो होगा ब्रेकडाउन चालान : डीसीपी यातायात



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर ।** नोएडा के एक्सप्रेस वे पर रुकावट बनने वाले की अब खैर नहीं इसके तहत एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नोएडा यातायात डीसीपी लखन सिंह ने बताया एक्सप्रेस वे पर चालक , सह चालक , गाड़ी ओवरलोड या चालक की गलती से खराब होने वाली गाड़ियों के भारी चालान किए जाएंगे ।परन्तु बे वजह लोगो को इससे डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। गलती न होने पर इस तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। यह सब लोगो के फायदे और सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से किया जा रहा है। डीसीपी ने सबसे अपील की है कि सभी यातायात के नियमों का पालन करे।



# बीएमएस इंटर पब्लिक स्कूल तेंधा में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव, बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** मिल्कीपुर क्षेत्र के अंतर्गत इटरपब्लिक स्कूल तेंधा में आज 12 फरवरी को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संत भीखा दास के प्राचार्य नकछेद तिवारी, मिल्कीपुर के ब्लॉक प्रमुख विनय सिंह उर्फ टुनटुन सिंह व मिल्कीपुर के नवनिर्वाचित विधायक चंद्रभानु पासवान की पत्नी कंचन पासवान उपस्थित रही। जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सबसे पहले सरस्वती वंदना की गई इसके बाद बच्चों ने आए हुए अतिथियों का नृत्य के द्वारा स्वागत किया बच्चों द्वारा बताया गया कि यह हमारा उत्तर प्रदेश भारत की शान है। राम और श्याम हमारे इस उत्तर प्रदेश में है तथा इस उत्तर प्रदेश में अनेक वीरांगनाएं भी है इस उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश भी कहा जाता है नन्हे मुन्ने बच्चों ने अवधी गानों पर मैं किसान हूं ,मैं जवान हूं, का नारा बच्चों ने नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया तथा कहा गया की राम से बड़ा राम का नाम है। इस विद्यालय के संस्थापक बृजेश कुमार तिवारी ,प्रधानाचार्य शुभम तिवारी ,प्रबंधक विमलेश तिवारी ,निदेशक दीपिका तिवारी, आनंद दुबे ,जनार्दन मिश्रा, संगीता पांडे ,चंचल, सुशीला ,अरुण ,जितेंद्र राकेश, मनोज ,सत्य प्रकाश, ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया और छात्रों के परिजन भी शामिल रहे। तथा ब्राइट कैरियर एकेडमी इंटर कॉलेज ड्योढ़ी के प्रबंधक राजेश कुमार सिंह ,अवनीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 14 वर्षीय लडके की मौत



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** मामला जनपद अयोध्या की कोतवाली बीकापुर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी मोतीगंज के ग्राम पंचायत रामपुर पूरे चितई का पुरवा का है घटना के मुताबिक शिवराम कोरी का 14 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार वीते मंगलवार को समय लगभग 6:00 बजे घर से दूध लेकर रामगंज दूध की डेरी पर दूध देने जा रहा था तभी रामगंज जोहन मार्ग निकट पूरे मनसा उपाध्याय गांव की रोड पर अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मार दिया जिससे कृष्ण कुमार सड़क पर गिर गया और मुंह पर चोट तथा बांया हाथ टूट गया जानकारी पाकर ज्यादा ग्रामीणों ने चोटहिल को नजदीकी सी एच सी हरिग्टनगंज ले गये जहां पर डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया सूचना पाकर पुलिस चौकी प्रभारी राज कुमार हेड कांस्टेबल बृजेश यादव, कांस्टेबल जय प्रकाश सिंह,राम लखन राठौर,पी आर डी विरेन्द्र तिवारी समेत घटना स्थल पर पहुंच मृतक को पी एम के लिए भेजा प्रत्यक्षदर्शी का कहना है की एक फोर व्हीलर गाड़ी जोहन की तरफ से तेज रफ्तार मे आयी और रामगंज बाजार होते हुए हैरिग्टनगंज की तरफ को गयी है सड़क के किनारे लगे सी सी फुटेज को देखने के बाद शायद पता लग सकता है।


## वैलेंटाइन डे पर पार्कों में पहुंचे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता

**गाजियाबाद।** वैलेंटाइन डे को लेकर पहरा सा लग गया है। हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ता लाठी-डंडों के साथ पार्कों में गश्त कर रहे हैं। संगठन के सदस्य विपिन और अजय ने स्वर्ण जयंती पार्क में युवाओं से पूछताछ की और उनकी पहचान की जांच की। संगठन का कहना है कि 14 फरवरी को पुलवामा हमले की बरसी है, इसलिए युवाओं को घर में रहकर शहीदों की याद में दीया जलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे मॉल और पार्कों की निगरानी करेंगे और वहां आने वाले लोगों के आधार कार्ड की जांच करेंगे। आवश्यकता पड ? पर युवाओं के परिजनों से भी संपर्क किया जाएगा। संगठन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग पार्कों में अनैतिक गतिविधियों में लिप्त हैं और सुबह की सैर के लिए आने वाली महिलाओं के लिए असुविधा पैदा कर रहे हैं।

# यूपीएसआईडीसी के अफसरों की राजस्व घोटाले में अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** यूपीएसआईडीसी की गाजियाबाद में ट्रोनिका सिटी परियोजना में 4.50 करोड़ रुपये के राजस्व चोरी मामले में गाजियाबाद के तत्कालीन परियोजना अधिकारी संतोष कुमार, तत्कालीन क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ राजेश कुमार चौहान, तत्कालीन क्षेत्रीय प्रबंधक गौतमबुद्ध नगर रामबोध मौर्य और लिपिक शब्बीर अहमद की अग्रिम जमानत अर्जी अपर जिला जज प्रथम सुदामा प्रसाद ने खारिज कर दी है। यूपीएसआईडीसी द्वारा गाजियाबाद में ट्रोनिका सिटी के लिए एक एमओयू तैयार किया गया था। यूपीएसआईडीसी के निदेशक मंडल के ललित श्रीवास्तव और तत्कालीन महाप्रबंधक यशपाल सिंह ने 87.10 एकड़ अविकसित जमीन को 397 रुपये प्रति वर्गगज की दर से डेवलपर को देने के लिए तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक प्रदीप कुमार को वर्ष 1994 में एमओयू तैयार करने के निर्देश दिए थे। प्रदीप ने एमओयू तैयार कर ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के तत्कालीन क्षेत्रीय प्रबंधक गौतमबुद्ध नगर निवासी रामबोध मौर्य को भेज दिया। रामबोध ने जुलाई 1997 में मेसर्स अंसल हाउसिंग एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के साथ 50 रुपये के स्टांप पेपर पर एमओयू निष्पादित कर दिया। जबकि इस जमीन से 13.96 एकड़ जमीन का कब्जा यूपीएसआईडीसी को जनवरी 1998 में राजस्व विभाग से मिला था।




# शब-ए-बरातः गुनाहों से तौबा की रात...बंदों पर बरसती है अल्लाह की रहमत

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** शब ए बारात मुस्लिमों का एक बड़ा त्यौहार है। इस्लाम के मुताबिक शब ए बारात को फैसलों की रात मानी जाती है, इस दिन तमाम लोगों के आमाल तय होते हैं। इस रात में अल्लाह पाक हर बंदे की दुआओं को कुबूल करता है और उसके गुनाहों को माफ करता है।

शब-ए-बारात इस्लाम मजहब की 4 सबसे मुकद्दस रातों में से एक है। इस साल 13 फरवरी गुरुवार को शब ए बारात मनाई जाएगी। शब ए बारात के मौके पर लोग घरों



में मीठा हलवा, खीर, मिठाई इत्यादि पकवान बनाकर गरीबों में तकसीम करते हैं। देश भर की सभी मस्जिदों, खानकाहों में दुआए होती है। लोग कब्रिस्तान में जाकर रिश्तेदारो और अजीजों की कब्रों पर फातेहा पढ़ते हैं। यह भी माना जाता है कि इस रात में फरिश्ते दुनिया के सभी बंदों द्वारा साल भर में किए गए कामों का लेखा-जोखा अल्लाह के सामने पेश करते हैं। जिस पर अल्लाह पाक अपनी कुदरत से फैसले फरमाता है और बंदों को अपनी नेमतों और रहमतों से नवाजता है। इस रात को अल्लाह की इबादत कर गुनाहों की तौबा की जाती है। शब-ए-बारातः इस्लामी कैलेंडर के 8वें महीने यानि शाबान महीने की 15वीं रात को शब-ए-बारात मनाई जाती है।यह रात सूरज के डूबने के बाद से शुरू होती है और सुबह फजिर के समय खत्म होती है। शब-ए-बारात की रात बंदे मस्जिदों और कब्रिस्तानों में जाकर अपने रिश्तेदारों, अजीजो-अकारिब की कब्रों पर फातिहा पढ़ते हैं और उनकी मगफिरत के लिए दुआ मांगते हैं। शब-ए-बारातः इस्लाम में चार सबसे मुकद्दस रातें हैं, अशूरा, शब-ए-मेराज, शब-ए-बारात और शब-ए-कद्र. इन चार रातों के दौरान अल्लाह की इबादत की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इन रातों पर अल्लाह की इबादत की जाए तो हर दुआ कबूल होती है, और अल्लाह बंदे के हर गुनाह को माफ कर देता है। इस दिन घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं. गरीबों में पैसा और खाना बांटा जाता है। इसके साथ दरगाहों, कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों एवं परिजनों की कब्रों पर दरूद फातिहा पढ़ेंगे और वहां से लौटकर अपने-अपने मोहल्लों की मस्जिदों में इबादत करने सहित नफिल नमाजे और कुरआन पाक पढ़ेंगे. शब-ए-बारात में मुस्लिम पुरुष सारी रात जिकरे इलाही कर इबादत करेंगे. महिलाऐं और बच्चे भी घरों में दरूद पाक, कुरआन पाक की तिलावत कर इबादत करेंगे और यह सिलसिला अलसुबह तक जारी रहेगा। अनेक घरों में सेहरी, अफ्तारी और रोजा रखने का भी एहतेमाम किया जाएगा। खुशियां लेकर आती है शब-ए-बारातःइस रात का इंतेजार हर मुस्लिम बंदे को रहता है।

पर्व को लेकर बच्चों में सबसे ज्यादा खुशी का माहौल होता है। शब-ए-बरात के ठीक 15 दिनों के बाद रमजान शुरू हो जाता है। तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं. मस्जिदों में नमाजों के अलावा महफिले मिलाद का भी आयोजन होता है, इमाम महदी अलैहिस्सलाम की शान में कसीदे पढ़े जाते हैं।

# साप्ताहिक बाजार को लेकर निगम में आज होगी अहम बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम अवैध अतिक्रमण पर कड़ी निगरानी रखते हुए शहर में साप्ताहिक बाजारों को व्यवस्थित करने की योजना बना रहा है। नगर निगम ने सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कदम उठाने की योजना बनाई है, जहां अक्सर ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। अवैध अतिक्रमण पर शिकंजा कसने के साथ ही बाधित आवागमन के साथ साप्ताहिक बाजार को लेकर योजना पर नगर निगम का काम रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार साप्ताहिक बाजार को लेकर समस्त जोनल प्रभारी की टीम और स्वास्थ्य विभाग टीम ने मिलकर संयुक्त रूप से सर्वे किया। नगर निगम सीमा अंतर्गत शहर में 65 स्थान पर बाजार लगता है। जिसमें वसुंधरा जोन अंतर्गत 24 स्थान, कवि नगर जोन अंतर्गत 15 स्थान, मोहन नगर जोन अंतर्गत 8 स्थान, विजयनगर अंतर्गत 7 स्थान और सिटी जोन अंतर्गत 11 स्थान जहां बाजार लगता है। जिसकी रिपोर्ट नगर आयुक्त को प्रस्तुत की गई। आज होने वाली टाउन वेंडिंग कमेटी की मीटिंग के लिए भी कार्य योजना बनाई गई। कई प्रमुख बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव समस्त जोनल प्रभारी, पीओ डूडा संजय पथरिया एवं स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति रही। नगर आयुक्त ने बताया साप्ताहिक बाजार को लेकर टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक से पूर्व संबंधित अधिकारियों से वार्ता की गई। टाउन वेंडिंग कमेटी के पुनर्गठन को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में सर्वे की रिपोर्ट पर भी मंथन हुआ। नगर निगम जहां शहर के अवैध अतिक्रमण एवं आवागमन को सुविधाजनक बनाने में जुटा हुआ है। वही साप्ताहिक बाजार को भी व्यवस्थित करेगा। जिसके क्रम में टीम के द्वारा आधा सर्वे किया जा चुका है। कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। एक सप्ताह के भीतर सर्वे को पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसमें जहां साप्ताहिक बाजार व्यवस्थित करने हैं। स्थान को भी चिन्हित किया जाएगा, टाउन वेंडिंग कमेटी जिसमें अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी भी सदस्य होते हैं कई जनप्रतिनिधि भी और बाजार की समिति के लोग भी रहते हैं। सभी की सहमति से जनहित में बेहतर निर्णय लिया जाएगा। टाउन वेंडिंग कमेटी भी 2017 में गठित हुई थी। जिसका पुनर्गठन भी किया जाना है, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों में पत्र भी भेजा जा चुका है। जिनके द्वारा टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य नामित किए जाएंगे।

## मेरठ तिराहे पर स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह को समर्पित हवन का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय मेरठ रोड तिराहे पर जिला व महानगर संगठन के द्वारा स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह जी को समर्पित हवन का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के सभी नेता व कार्यकर्ता जिला व महानगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आज छपरौली में उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी और चौधरी जयंत सिंह जी केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल हमारे सम्मानित दोनों नेता सम्मिलित होकर एक मूर्ति का अनावरण करने जा रहे हैं गाजियाबाद में हवन के बाद सभी नेता व कार्यकर्ता छपरौली के लिए प्रस्थान करेंगे। आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मूर्ति का अनावरण करके एक बहुत पॉजिटिव मैसेज क्षेत्र में जाएगा ऐसे नेता की मूर्ति का अनावरण हो रहा है जो सात दफा सांसद रहे केंद्रीय मंत्री रहे और उन्होंने अपना पूरा जीवन किसान मजदूर आखिरी पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति के हक की लड़ाई लड़ते हुए जिया परमात्मा मैं जितना जीवन दिया था उसे हिसाब से करोना बीमारी के दौरान वह हमारे बीच से चले गए लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्यों को हम लोग कभी भूल नहीं सकते कुछ जो अधूरे कार्य रह गए थे जिनको वह नहीं कर पाए उनको आगे बढ़ने का काम केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह जी कर रहे हैं।

## उत्थान समिति ने डीएम का किया स्वागत, हिंडन महोत्सव को लेकर हुई बैठक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा का बुधवार को उत्थान समिति द्वारा भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अपनी सामाजिक एवं पर्यावरणीय पहलों से अवगत कराया। बैठक के दौरान हिंडन महोत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जो अगले माह आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव नमामि गंगे अभियान के तहत हिंडन नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हिंडन नदी को बचाने का संदेश दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे भाग लेंगे और कपड़े के थैलों पर पर्यावरण-संरक्षण से जुड़े चित्र बनाएंगे, जिससे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और स्वच्छता के महत्व को उजागर किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करेगा और नदी संरक्षण के संदेश को नृत्य के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएगा। नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को नदियों के प्रदूषण, अवैध कचरा निस्तारण और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। विद्यार्थियों और स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले गीत-संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। उत्थान समिति के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा, हिंडन पश्चिमी उत्तर प्रदेश की एकमात्र नदी है और इसे बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उत्थान समिति इस महोत्सव के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है, ताकि समाज इसे एक आंदोलन की तरह अपनाए और नदियों की स्वच्छता के लिए आगे आए।

## जीडीए की समीक्षा बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणों और योजनाओं पर हुआ मंथन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में प्राधिकरण से जुड़े विभिन्न लंबित प्रकरणों और योजनाओं पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों को लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण, भूमि क्रय प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करने और जोनल प्लान की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। सबसे पहले मानचित्रों की अनापत्ति (एनओसी) की स्थिति का जायजा लिया गया। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि लंबित अनापत्तियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र जारी किया जाए, जिससे योजनाओं को गति मिले। प्रक्रिया को सरल और डिजिटल माध्यमों से अधिक पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके बाद भू-अर्जन अनुभाग द्वारा मानचित्रों के स्वामित्व परीक्षण संबंधी कार्यवाही पर ड्राफ्ट प्रारूप प्रस्तुत किया गया। इस प्रारूप को और अधिक प्रभावी बनाने और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा हुई। लारा कोर्ट में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए सभी वादों को योजनावार और ग्रामवार सूचीबद्ध किया गया। रेफरेंस वाद और इजराय वाद को अलग-अलग वर्गीकृत कर निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम और गोष्ठी का आयोजन

गाजियाबाद। कांग्रेसियों ने बुधवार को गुरु संत रविदास जयंती मनाई। इस दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम व गोष्ठी का आयोजन किया। साथ ही गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। पुराना बस अड्डा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में कई महापुरुष हुए है, जिनमें से एक संत रविदास हैं। उनके जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव, सूर्यकांत, आशीष प्रेमी, वीर सिंह जाटव, पंकज तेजानिया, राजाराम भारती, चंद्रपाल, सुरेंद्र शर्मा, हरपाल सिंह, राजन चितौरिया, कमलेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

## संत गुरु रविदास की जयंती मनाई


वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** 12 फरवरी देश में संत गुरु रविदास की जयंती मनाई जा रही है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में महानगर के सभी मंडलों में संत शिरोमणि रविदास जयंती को पूर्ण मनोभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर संजीव शर्मा ने समाज कल्याण के लिए किए गए उनके कार्यों का स्मरण किया। उन्होंने बताया "गुरु संत रविदास ने मानवता को अपने जीवन का ध्येय बनाया। वे धर्म तथा जाति के भेदभाव को मिटाने और समाज में एकता लाने के लिए समर्पित रहे। आइए, हम गुरु दास जी की शिक्षा को अपनाएं और समृद्ध तथा विकसित राष्ट्र के निर्माण में निरंतर योगदान देते रहें।" "ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट-बड़ो सब सम बसें, रविदास रहे प्रसन्न। कर्म को सर्पवोरि मानकर सभी के उत्थान हेतु समाज में समानता का मार्ग दिखलाने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन करता हूँ। सामाजिक समरसता का संदेश देती उनकी शिक्षाएं आज भी एकता, सद्भावना व चरित्र निर्माण हेतु सर्वथा अनुकरणीय हैं।" इस अवसर पर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने कहा, "करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की ना तज्जियो आस। कर्म मानुष का धर्म है, सत भाखै रविदास।। सामाजिक समानता के लिए जीवनपर्यंत कार्य करने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास की न्याय, समानता और सेवा की शिक्षा हर युग में प्रेरित करती रहेगी।" गुरु रविदास जयंती के अवसर पर राजनगर मंडल के अध्यक्ष नीरज त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, एम के प्रमुख, कार्यक्रम संयोजक आर एन राम, तनुज खन्ना, संजय चौधरी, जय सिंह, किरण चौधरी, सोनू सिंघल आदि मौजूद रहे।



## फर्नीचर मार्किट में लगी आग से करोड़ों का माल हुआ खाक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भौपुरा के पास स्थित फर्नीचर की दुकान में बीती रात लगभग सवा दो बजे के आस-पास आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। इसी बीच आग लगने की सूचना मिलते ही एसओ टीला मोड़ करतार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जहां रेस्क्यू करने में जुट गये वहीं सीएफओ राहुल पाल की अगुवाई में एक दर्जन से से अधिक फायर टेंडरों ने भयंकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। आग की विकरालता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि जब आग पर काबू करने में फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से अधिक गाडियों को घंटों तक जूझना पडा वहीं इस अग्निकांड़ में करोड़ों की संपत्ति जलकर नष्टद्द हो गई। सूत्रों के अनुसार फर्नीचर की अधिकांश दुकान व गोदाम जहां अफसर नामक व्यक्ति व उसके परिजनों-रिश्तेदारों के बताये जा रहे वहीं कबाड़ के गोदाम शाहिद, जाहिद व जहांगीर आदि के हैं। इस संदर्भ में सीएफओ राहुल पाल का कहना है कि फायर ब्रिगेड की तत्परता से जहां जनहानि होने से बच गई वहीं आग के फैलाव पर भी नियंत्रण रखने में सफलता प्राप्त की।

## प्रदीप चौधरी को जन्मदिन पर शुभकामनाओं की बौछार, वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दी बधाई











वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी के जन्मदिन पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजनगर मंडल के पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी एवं विनीत शर्मा की अगुआई में जन्मदिन की बधाई दी। गोविंदपुरम मंडल के अध्यक्ष अमित रंजन ने पार्षद राजकुमार चौधरी, संजय कौशिक, मनबीर चौधरी, वीरेंद्र सारस्वत, रीमा शर्मा, स्वाति, दृष्टि सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उनके आवास पर पहुंचे और शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता की पूरी टीम भी विशेष रूप से राजीव अग्रवाल, अशोक भारतीय, आशु पंडित, रितेश शर्मा, सौरभ यादव, डॉक्टर वी के सिंह आदि रहे।



## लोनी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 24 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आज दिनांक 11.02.2025 को विकास खण्ड लोनी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 24 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। उक्त योजनान्तर्गत रू0 10,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 35,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 04, अन्य पिछडा वर्ग के 10, सामान्य वर्ग के 08 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 02 जोडे. कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 22 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 02 जोड़े का निकाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में माननीय विधायक लोनी श्री नन्दकिशोर गुर्जर द्वारा उपस्थिति होकर नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी लोनी सुश्री विनी यादव एवं समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, लोनी कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

